राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 20 अंकः 89 पृष्ठः 12
RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com
राष्ट्रीय संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## असम में खड़गे ने जारी किए पांच चुनावी गारंटी



**गुवाहाटी।** असम में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को राज्य के लखीमपुर जिले के नाओबोइचा में आयोजित रैली में कांग्रेस की ओर से पांच गारंटी का एलान किया। इन गारंटियों में महिलाओं, स्वास्थ्य, भूमि अधिकार और जस्टिस जैसे मुद्दों पर फोकस किया गया है।

**महिलाओं के लिए मासिक सहायता का वादाः** कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर महिलाओं को हर महीने नकद सहायता दी जाएगी। इसके अलावा जो महिलाएं अपना व्यवसाय शुरू करना या बढ़ाना चाहती हैं, उन्हें 50,000 रुपये की अतिरिक्त मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रांसफर बिना किसी शर्त के होगा। खरगे ने घोषणा की कि कांग्रेस सरकार बनने पर राज्य के सभी परिवारों को 25 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा।

## मन की बातः जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकट, अफवाहों से बचने और एकजुटता का आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संघर्ष की वैश्विक स्थिति और ऊर्जा संकट पर चिंता जताते हुए रविवार को मन की बात कार्यक्रम से एक बार फिर देशवासियों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और एकजुटता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के कारण पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। ऐसे समय में अफवाहों से दूर रहना और आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें एपिसोड में आज उक्त बातें कहीं। उन्होंने खाड़ी देशों के संघर्ष के बीच वहां रह रहे भारतीयों को संभालने के लिए दिए सहयोग पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की ऊर्जा आवश्यकताएं इस क्षेत्र से जुड़ी हैं, जिससे मौजूदा संघर्ष का असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों का उपयोग कर स्थिति का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इस विषय पर राजनीति करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने



कहा कि यह 140 करोड़ लोगों से जुड़ा मुद्दा है और इसमें स्वार्थ की राजनीति का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को देश के लिए हानिकारक बताया और नागरिकों से अपील की कि वे केवल सरकारी जानकारी पर भरोसा करें। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे कई देशों में ईंधन संकट की स्थिति बनी है।

**ऊर्जा संकट**

**ऐसे समय में अफवाहों से दूर रहना और आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करना जरूरीः पीएम**

प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश की पांडुलिपि धरोहर के संरक्षण में जनभागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि ज्ञान भारतम पहल के तहत पांडुलिपियों का संरक्षण और उनसे जुड़ी जानकारी एकत्र की जा रही है। इसके लिए एक ऐप भी विकसित किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने पास सुरक्षित पांडुलिपियों की जानकारी साझा करें।

## फास्ट न्यूज

### हिमाचल कांग्रेस की नई टीम घोषित

**शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने करीब 17 महीने बाद हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की नई राज्य कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से शनिवार देर रात जारी अधिसूचना के अनुसार सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। इस बार संगठन में 27 महासचिव और 12 उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। खास बात यह है कि कई नए और युवा चेहरों को महासचिव जैसे अहम पदों पर जगह दी गई है, जबकि ऐसे कई नेताओं को भी संगठन में जिम्मेदारी दी गई है जिन्हें विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिल पाया था। पूर्व कुछ विधायकों को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वर्ष 2027 के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए इन नियुक्तियों को अहम माना जा रहा है। राजनीतिक मामलों की समिति में अध्यक्ष विनय कुमार सहित मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, मुकेश अग्निहोत्री, आनंद शर्मा, प्रतिभा सिंह, अनुराग शर्मा, कौल सिंह ठाकुर, कुलदीप कुमार, आशा कुमारी, चंदर कुमार चौधरी, कर्नल धनी राम शांडिल, हर्षवर्धन चौहान, रोहित ठाकुर, जगत सिंह नेगी, अनिरुद्ध सिंह, विक्रमादित्य सिंह, राजेश धमाणी, यादवेंद्र गोमा, राम लाल ठाकुर, नंद लाल, आरएस बाली, भवानी सिंह पठानिया, केहर सिंह खाची, सुरेंद्र शर्मा तथा महासचिव (संगठन) को सदस्य बनाया गया है।

### हिमाचल में पंचायत चुनाव से पहले 870 पीईटी भर्ती पूरी करने की मांग

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 870 शारीरिक शिक्षकों (पीईटी) की प्रस्तावित भर्ती प्रक्रिया एक बार फिर देरी की आशंका के कारण चर्चा में है। बेरोजगार शारीरिक कल्याण संगठन ने चिंता जताई है कि यदि जिलों से जरूरी रिकॉर्ड समय पर शिक्षा विभाग को नहीं भेजा गया तो पंचायत चुनाव से पहले भर्ती प्रक्रिया पूरी करना मुश्किल हो सकता है।

केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही हैः मोदी

# केरल में राजग की सरकार बनने पर तेज विकास होगाः पीएम मोदी

**साधा निशाना**

**पीएम ने वाम दलों के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन पर तीखा हमला बोला**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलक्कड़।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और यह राज्य में बदलाव का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में केरल में राजग की सरकार बनने पर तेज विकास होगा। केरल के पलक्कड़ में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने वाम दलों के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दोनों गठबंधनों को भ्रष्ट और सांप्रदायिक करार देते हुए कहा कि उनकी राजनीति केवल वोटबैंक तक सीमित है और उन्हें राज्य के विकास की चिंता नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा, एलडीएफ और यूडीएफ की नीतियां सिर्फ वोटबैंक पॉलिटिक्स पर आधारित हैं। मैं केरलम की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि राजग की सरकार बनने पर राज्य का तेज विकास होगा। यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा, "केरलम लंबे समय से एलडीएफ और यूडीएफ के बीच फंसा हुआ है, लेकिन अब राज्य में बदलाव का माहौल बन रहा है।" प्रधानमंत्री के अनुसार, राज्य के युवा, महिलाएं और किसान अब भाजपा और राजग के प्रति भरोसा जता रहे हैं, जो एक उभरते जनआंदोलन का रूप ले रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एलडीएफ और यूडीएफ के बीच बी टीम को लेकर चल रही बयानबाजी का जिक्र करते हुए कहा कि इससे साफ होता है कि दोनों ही गठबंधन भाजपा को एक मजबूत विकल्प मानने लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दोनों दल एक-दूसरे के खिलाफ केवल बयान देते हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं करते। प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल पर पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज है, जो पिछले दस वर्षों में तीन गुना हो गया है।



**राज्य में राजग की सरकार बनने पर हर रुपये का हिसाब लिया जाएगाः पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने कहा कि यह पैसा सही दिशा में खर्च नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य में राजग की सरकार बनने पर हर रुपये का हिसाब लिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार की नीतियों का उल्लेख किया और कहा कि सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है।

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विदेशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। केरल में पारंपरिक रूप से एलडीएफ और यूडीएफ के बीच ही सत्ता परिवर्तन होता रहा है, लेकिन भाजपा अब राज्य में तीसरे विकल्प के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एलडीएफ और यूडीएफ के बीच बी टीम को लेकर चल रही बयानबाजी का जिक्र करते हुए कहा कि इससे साफ होता है कि दोनों ही गठबंधन भाजपा को एक मजबूत विकल्प मानने लगे हैं।

**केरल के युवा और किसान अब भाजपा और एनडीए पर पूरा भरोसा कर रहे**

पीएम ने जोर देकर कहा कि केरल के युवा, महिलाएं और किसान अब भाजपा और एनडीए पर पूरा भरोसा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस बदलाव का श्रेय केरल की जनता के आशीर्वाद और भाजपा कार्यकताओं की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने उन कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने केरल में राजनीतिक हिंसा के कारण अपनी जान गंवाई है। प्रधानमंत्री ने केरल की सुंदरता की तारीफ करते हुए कहा कि इसे सुंदरतम क्यों कहा जाता है, इसका एहसास पलक्कड़ आते ही हो जाता है।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केरल दशकों से स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। उन्होंने एलडीएफ और यूडीएफ को भ्रष्ट और महाभ्रष्ट बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दोनों गठबंधनों की नीतियां केवल वोटबैंक के लिए होती हैं। और इन्हें विकास की कोई




लखनऊ में 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## कांग्रेस ने अपनी नीतियों से राज्य में अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दियाः शाह

**असमः** असम के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शोणितपुर में एक जनसभा के दौरान कांग्रेस पर अपना हमला और तेज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पार्टी ने ऐतिहासिक रूप से अपनी नीतियों के जरिए राज्य में अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दिया है और अब केंद्र सरकार द्वारा उठाए जा रहे सुधारात्मक कदमों का विरोध कर रही है। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार ने 'अवैध प्रवासी (ट्रिब्यूनल द्वारा निर्धारण) अधिनियम' (आईएमडीटी) इसलिए बनाया था ताकि असम में घुसपैठियों को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने अवैध प्रवासियों की पहचान करने और उन्हें हटाने के केंद्र सरकार के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह मुद्दा सरकार के लिए हमेशा से ही एक प्राथमिकता रहा है।

## देश में ईंधन आपूर्ति सामान्यः केंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने के बीच केंद्र सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। सरकार ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, देशभर के सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं। पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। घरेलू मांग को देखते हुए रिफाइनरियों से एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है।

**उपलब्धता**

**देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है**

## बंगाल में कांग्रेस ने 284 उम्मीदवार उतारे, अधीर रंजन समेत कई बड़े चेहरे मैदान में

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने 294 में से 284 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और राज्य में अकेले दम पर चुनाव लड़ने लड़ेगी। जारी सूची में बहारामपुर से वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी, भवानीपुर से प्रदीप प्रसाद, बालीगंज से रोहन मित्रा, जादवपुर से श्यामली मंडल और दार्जिलिंग से मधाप राय जैसे प्रमुख चेहरे शामिल हैं, जबकि मालतीपुर से हाल ही में शामिल हुईं मौसम नूर को मैदान में उतारा गया है। पार्टी ने अपने पारंपरिक गढ़ मुर्शिदाबाद और मालदा पर खास फोकस करते हुए व्यापक सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश की है। राज्य में चुनाव 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को दो चरणोंमें होंगे, जबकि मतगणना 04 मई को की जाएगी।

## हॉर्मुज स्ट्रेट से निकले एलपीजी लदे दो भारतीय जहाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच भारत के लिए एक राहत की खबर आई है। भारत आने वाले दो एलपीजी टैंकर्स ने जंग के कारण ठप पड़े हॉर्मुज स्ट्रेट को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। ये दोनों जहाज अब हॉर्मुज स्ट्रेट को पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। अगले दो से तीन दिन में इन दोनों जहाजों के भारत पहुंच जाने की उम्मीद जताई गई है। आपको बता दें कि अमेरिका और इजराइल तथा ईरान के




बीच जारी जंग के कारण हॉर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह से ठप हो गया है, जिसकी वजह से मालवाहक जहाजों और ऑयल टैंकर्स की आवाजाही भी रुक गई है। आवाजाही रुकने के कारण कच्चे तेल और गैस की अपनी जरूरत पूरी करने के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर करने वाले भारत जैसे देश के सामने काफी संकट की स्थिति बन गई है। ऐसे में भारत आने वाले दो एलपीजी टैंकर के हॉर्मुज स्ट्रेट को पार कर जाने की खबर ने काफी राहत पहुंचाई है। पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम नाम के दो एलपीजी टैंकर होर्मुज स्ट्रेट से निकल कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। इन दोनों टैंकरों में कुल मिला कर करीब 94,000 टन गैस भरी हुई है।

**राहत की खबर**

**अगले दो से तीन दिन में इन दोनों जहाजों के भारत पहुंच जाने की उम्मीद जताई गई**

## चंडीगढ़ः विदेशों में छिपे 20 अपराधियों के प्रत्यर्पण की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** विदेशों में बैठकर हरियाणा में फिरौती मांगने तथा साइबर क्राइम का संचालन करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई शुरू होने जा रही है। हरियाणा पुलिस ने विदेश में छिपे अपराधियों की सूची केंद्रीय एजेंसियों को भेजकर इंटरपोल की मदद मांगी है। इस संबंध में हरियाणा पुलिस की एक विशेष टीम लगातार केंद्रीय एजेंसियों के साथ तालमेल कर रही है। हरियाणा में वर्ष 2024 के दौरान फिरौती मांगने के 178 तथा 2025 में 107 मामले सामने आए हैं। इनमें से ज्यादातर मामले विदेशों में बैठे अपराधियों से लिंक मिले हैं। पनामा के जंगलों समेत कई देश ऐसे हैं जहां भारतीय कानूनों की मान्यता नहीं है।

*मुख्यमंत्री ने गोहाना में आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली में भारी भीड़ को संबोधित करते हुए खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की*

## सैनी ने 113 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

**सौगात**

**भगत फूल सिंह गवर्नमेंट कॉलेज में पीपीपी मोड पर एक कॉर्डियो कैथ लैब बनाने का ऐलान**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोहाना, बलराम**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को गोहाना विधानसभा क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की घोषणा की। सरकार के पूरे राज्य में सबको साथ लेकर चलने वाले विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के अपने वादे को फिर से मजबूत किया। मुख्यमंत्री ने गोहाना में आयोजित धन्यवाद एवं विकास रैली में भारी भीड़ को संबोधित करते हुए खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की। उन्होंने ड्रेन नंबर 8 पर भगवान परशुराम विरासत पार्क के साथ जॉगिंग ट्रैक तथा जमीन मुहैया करवाने पर पीपीपी मोड पर कमर्शियल के साथ एक मल्टी-स्टोरी पार्किंग भी बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने भगत फूल सिंह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज खानपुर कलां में पीपीपी मोड पर एक कॉर्डियो कैथ लैब बनाने का ऐलान किया। उन्होंने यह भी कहा कि बिल्डिंग बनने के बाद एकेडमिक सेशन 2027-28 से इस संस्थान में फिजियोथेरेपी कॉलेज की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा आयोजित की गई जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नागरिकों की सुविधा के लिए दूसरे इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के उद्देश्य से कई आवश्यक घोषणाएं की। इनमें भूमि उपलब्धता के आधार पर सोनीपत रोड पर शिवधाम बनाने, महम रोड पर बिजली का नया 33 केवी सबस्टेशन बनाने और खानपुर कलां में 33 केवी सबस्टेशन को अपग्रेड करना शामिल है। उन्होंने जनगणना, परिसीमन और एसआईआर का कार्य पूरा होने के बाद खानपुर कलां सब-तहसील को तहसील में अपग्रेड करने, बरोदा और फरमाना को सब-तहसील बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव पर गांव गढ़ी उजालेखां का नाम बदलकर कृष्ण नगर और गांव गढ़ी नामदारखां का नाम सुंदर नगर रखने की भी घोषणा की।




## चंडीगढ़ः फसल खरीद पर सीएम की दो टूक, मंडियों में गड़बड़ी पर नपेंगे अफसर

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** खरीफ और रबी सीजन में मंडियों में फसल खरीद के दौरान होने वाली गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए नायब सरकार ने एक्शन प्लान तैयार किया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शनिवार देर रात्रि जिला उपायुक्तों के साथ रबी फसल खरीद की तैयारियों की समीक्षा के दौरान सख्त चेतावनी दी कि मंडियों में गड़बड़ी और लापरवाही मिलने पर अधिकारी और कर्मचारी नपेंगे। किसानों का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जिलों



उपायुक्तों को चेताया कि मंडियों में किसानों को किसी भी तरह की असुविधा सहन नहीं की जाएगी। मंडियों में बारदाना, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय और कैंटीन जैसी मूलभूत सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि फसलों का भुगतान समय पर सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंचे। मुख्यमंत्री मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, कृषि विभाग के महानिदेशक राजनारायण कौशिक समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडियों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।



उत्तर भारत
ACTION INDIA
नई दिल्ली, 30 मार्च 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com



# छगः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुनी 'मन की बात' की 132वीं कड़ी

**जल संरक्षण**

**जल संरक्षण में छत्तीसगढ़ बना देश के लिए मिसालः कोरिया जिले के जल संरक्षण मॉडल की प्रधानमंत्री ने की सराहना**



**टीम एक्शन इंडिया**

रायपुरः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 132वीं कड़ी सुनी और इसे राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश के कोने-कोने में हो रहे सकारात्मक नवाचारों और जनभागीदारी को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरिया जिले के किसानों के जल संरक्षण प्रयासों की सराहना छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है। यह दशार्ता है कि प्रदेश में जमीनी स्तर पर हो रहे कार्य अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवा पानी झोंकी जैसे अभिनव मॉडल के माध्यम से किसानों ने अपने खेतों में रिचार्ज तालाब और सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर वर्षा जल को सहेजने का सराहनीय कार्य किया है। यह जनभागीदारी आधारित पहल आज भूजल स्तर में सुधार की एक सशक्त मिसाल बन चुकी है और अन्य क्षेत्रों के लिए भी मार्गदर्शक बन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण अब एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है और छत्तीसगढ़ में भी इसे जनभागीदारी से जोड़ते हुए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से जल संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और इसमें सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता, फिटनेस को बढ़ावा, शुगर इंटेक में कमी और खेलों के लिए अनुकूल वातावरण निर्माण जैसे विषयों पर दिए गए संदेश अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने, युवाओं को खेलों से जोड़ने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने पश्चिमी एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के संदर्भ में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि देश हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है और केंद्र तथा राज्य सरकारें समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ में पेट्रोलियम उत्पादों, रसोई गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारु और सामान्य है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों से दूर रहें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। जनभागीदारी की शक्ति के साथ जल संरक्षण को और मजबूत कर छत्तीसगढ़ को सुरक्षित, समृद्ध और जल-संपन्न भविष्य की ओर ले जाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## आप पार्टी का पंजाब में भी दिल्ली वाला हाल होगाः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

सीएम सैनी ने कहा कि पंजाब सरकार पर आरोप लगाया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपने अधिकारों के लिए प्रदर्शन करने वाली महिला कर्मचारियों पर आंसू गैस के गोले बरसा कर महिला विरोधी होने का सबूत दिया है जबकि हरियाणा सरकार ने सिरसा में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित करके उनको विभिन्न योजनाओं के करोड़ों रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से भेज कर उनका मान-सम्मान बढ़ाने का काम किया। बुजुर्गों की पेंशन के मामले में भी मुख्यमंत्री भगवंत मान को घेरा और कहा कि पंजाब में बुजुर्गों की आमदनी की सीमा 60 हजार रुपये निर्धारित करके गरीब बुजुर्गों का अपमान करके उन को इस सम्मान भत्ता से महरूम करने का काम किया जा रहा है टी -20 वर्ड कप में भारत की जीत पर टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सैनी ने पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का सम्मान न करने की निंदा की और कहा कि वे देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हैं उनका सबको सम्मान करना चाहिए।

## वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में अरुणाचल पुरुष और असम महिला वर्ग में ओवरऑल चैम्पियन



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के अंतर्गत वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता समापन के साथ ही चैम्पियनशिप टीम के परिणाम भी घोषित किए गए, जिसमें पुरुष वर्ग में अरुणाचल प्रदेश ने ओवरऑल चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं मिजोरम फर्स्ट रनरअप और असम सेकंड रनरअप रहा। महिला वर्ग में असम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि ओडिशा फर्स्ट रनरअप और छत्तीसगढ़ सेकंड रनरअप रहा। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के अंतर्गत वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं का आज शानदार समापन हो गया। पूरे आयोजन के दौरान देशभर से आए खिलाड़ियों ने

**ट्राइबल गेम्स**

**छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भी लहराया परचम, रिशिका कश्यप ने रजत और लकी बाबू मरकाम ने जीता कांस्य**

ताकत, तकनीक और आत्मविश्वास का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। समापन समारोह के अवसर पर छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप और रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों के

## शरीर की साधना का अद्भुत खेल है बॉडी बिल्डिंग : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बॉडी बिल्डिंग शरीर की साधना का अद्भुत खेल है। यह साधना संगमरमर की मूर्तियों पर रेखा उकेरने जैसा कठिन कार्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को नई ऊंचाइयां मिल रही हैं और नई शिक्षा नीति में भी खेलों को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर के बॉस्केटबाल कॉम्पलेक्स में 17वीं सीनियर मेन्स-विमेंस नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप के भव्य आयोजन को संबोधत कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने इंडियन बॉडी बिल्डर फेडरेशन को 5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय खिलाड़ी



और पद्मश्री से सम्मानित प्रेमचंद डिगरा का सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दो दिवसीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप-2026 के विजेताओं को सम्मानित किया और बॉडी बिल्डिंग में सहभागिता करने वाले खिलाड़ियों की प्रतिभा की सराहना की। प्रतियोगिता इंडियन बॉडी बिल्डर फेडरेशन, मुंबई के तत्वावधान में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था द्वारा आयोजित की गई, जिसमें देश भर से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में पंजाब के टोनू कुमार, केरलम के रियाज टीके, कर्नाटक के प्रशांत कानूकर, उत्तराखंड के पंकज सिंह बिष्ट और तेलंगाना के हरीश वालूगुंडा सहित पांच खिलाड़ियों ने बॉडी बिल्डिंग की सात अनिवार्य मुद्राओं का उत्साहवर्द्धन किया।

## 4 वषीर्या बच्ची की सिर में अपराधियों ने मारी गोली, पुलिस जांच में जुटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सहरसा।** जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत मथुरा गांव में रविवार को अज्ञात अपराधियों ने एक चार वर्षीय बच्ची को गोली मार दी। आलोक कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह 9 बजे सौर बाजार थाना अध्यक्ष को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के मथुरा गांव में एक चार वर्षीय बच्ची को गोली मारकर घायल कर दिया गया है। घटना की सूचना के बाद एसपी हिमांशु के निर्देश पर उनके नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। जहां फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। फिर डॉग स्क्वायड की टीम और डीआईयू की टीम के साथ एसआईटी टीम का गठन किया गया था। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। सभी

**जांच जारी**

**घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात अपराधियों को चिन्हित कर किए जाने का प्रयास किए जा रहे थे**

बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात अपराधियों को चिन्हित कर किए जाने का प्रयास किए जा रहे थे। बच्ची फिलहाल इलाजरत है। पीड़ित बच्ची के परिजन में अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी थी। हालांकि जल्द ही घटना का उद्भेदन कर लेने और सभी आरोपी की भी गिरफ्तारी कर लेने की बात पुलिस पदाधिकारी बता रहे थे।

## माँ नर्मदा के आशीर्वाद से प्रदेश में बह रही है विकास की नई धाराः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भूमि-पूजन**

**मां नर्मदा जल के चतुर्थ चरण का भूमि-पूजन और रामसर साइट सिरपुर में एसटीपी प्लांट का लोकार्पण किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल। मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मां नर्मदा प्रदेश की जीवन रेखा है और उनके आशीर्वाद से मध्य प्रदेश में विकास की नई धारा प्रवाहित हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर में आयोजित नर्मदा के चतुर्थ चरण के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भी होलकर



साम्राज्य ने मां नर्मदा के आशीर्वाद से कठिन परिस्थितियों में सनातन संस्कृति को सशक्त बनाए रखा और देशभर के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर घाट, धर्मशालाएं एवं अन्नक्षेत्र विकसित किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नर्मदा परियोजनाओं को नई गति मिली है। सरदार सरोवर परियोजना के माध्यम से गुजरात, राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के निमाड़ क्षेत्र सहित व्यापक भू-भाग में जल उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, जिससे कृषि, उद्योग एवं पेयजल की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इंदौर शहर को पेयजल व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिये मां नर्मदा जल के चतुर्थ चरण के तहत अमृत 2.0 योजना में 1356 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया।

## मैट्रिक परिणाम पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मैट्रिक परीक्षा-2026 में सफल हुए छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस वर्ष कुल 81.79 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं, जिनमें छात्राओं का प्रदर्शन विशेष रूप से बेहतर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि छात्राओं की उत्तीर्णता दर 86.23 प्रतिशत रही, जबकि छात्रों की सफलता दर 84.09 प्रतिशत दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि इस बार दो छात्राओं ने संयुक्त रूप से टॉप किया है, जो राज्य के लिए गर्व की बात है। नीतीश कुमार ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए

**आत्मविश्वास**

**राज्य सरकार द्वारा बालिकाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है**

कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्राओं की मेहनत का परिणाम है, बल्कि उनके अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतीक है। सशक्त उदाहरण बताते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा बालिकाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है।

## महिला 86+ किग्रा वेटलिफ्टिंग में मिजोरम की जोसांगजुआली ने जीता स्वर्ण

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के तहत महिला 86$ किलोग्राम वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस स्पर्धा में मिजोरम की जोसांगजुआली ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जोसांगजुआली ने स्नैच में 70 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 83 किलोग्राम वजन उठाकर कुल 140 किलोग्राम के साथ पहला स्थान हासिल किया।




उनकी इस उपलब्धि ने मिजोरम को गौरवान्वित किया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय खेल परिसर में किया जा रहा है। असम की पिंकी बोरो ने शानदार प्रयास करते हुए कुल 125 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक पर कब्जा जमाया। उन्होंने स्नैच में 55 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 70 किलोग्राम का प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश की गुंजन उइके ने भी दमदार खेल दिखाते हुए कुल 86 किलोग्राम के साथ कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने स्नैच में 39 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 47 किलोग्राम वजन उठाया। प्रतियोगिता में त्रिपुरा की ट्विस्मु जमातिया चौथे स्थान पर रहीं, जिन्होंने कुल 77 किलोग्राम वजन उठाया। प्रतियोगिता की खास बात यह रही की सभी खिलाड़ियों ने युवा आयु में बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया।

## मालसावमटलुआंगा ने चोट की चिंता को पीछे छोड़कर जीता केआईटीजी स्वर्ण




**टीम एक्शन इंडिया**

रायपुरः मिजोरम के युवा वेटलिफ्टर इसाक मालसावमटलुआंगा 16 साल की उम्र पूरी करने से पहले ही अपने माता-पिता दोनों को खोने के बाद लगभग खेल छोड़ने की कगार पर पहुंच गए थे। इस दोहरी त्रासदी ने इस मिजो किशोर को अंदर तक तोड़ दिया था, लेकिन उनके बचपन के कोच और चाचा-चाची के सहारे ने उनके खेल करियर को संभाल लिया। 18 वर्षीय इसाक ने कड़ा संघर्ष करते हुए खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपने परिवार को गर्व महसूस कराया।

पीठ की तकलीफ से जूझते हुए भी इसाक ने क्लीन एंड जर्क में शानदार प्रदर्शन किया। स्नैच में दूसरे स्थान पर रहने के बाद उन्होंने कुल 235 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जीत के तुरंत बाद उनके चाचा ने उन्हें गले लगा लिया, जो इस युवा खिलाड़ी के जीवन में एक मार्गदर्शक की तरह रहे हैं। इसाक के पिता हेमिंग

**स्वर्ण पदक**

**कम उम्र में अनाथ हुए मिजोरम के किशोर इसाक, इसाक ने 2018 में अपने पिता और 2024 में अपनी मां को खो दिया**

मालसावमटलुआंगा की 2018 में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, उसी साल उन्होंने वेटलिफ्टिंग की शुरूआत की थी। परिवार के इकलौते बेटे होने के कारण उनके सामने यह सवाल खड़ा हो गया था कि वह खेल जारी रखें या परिवार की जिम्मेदारियां संभालने के लिए कमाई पर ध्यान दें।

इसाक ने साई मीडिया से बातचीत में बताया, उस समय मेरे बचपन के कोच सोमा ने मुझे बहुत प्रेरित किया और वेटलिफ्टिंग जारी रखने के लिए कहा। हालांकि, 2024 में हिमाचल प्रदेश में आयोजित यूथ नेशनल चैंपियनशिप में 60 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने के बाद जब उनका प्रदर्शन बेहतर होने लगा, तभी एक और निजी झटका लगा।

**मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में जन्मी भारतीय चीता 'मुखी' ने आज रविवार (29 मार्च) को तीन वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है**

## कूनो राष्ट्रीय उद्यान में जन्मी चीता 'मुखी' का तीसरा जन्म-दिन गौरव का क्षणः मोहन

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल। मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कूनो में जन्मी चीता 'मुखी' का तीसरा जन्म-दिन प्रदेश के साथ ही पूरे देश के वन्य-जीव संरक्षण के लिए गौरव का क्षण है। दरअसल, मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में जन्मी भारतीय चीता 'मुखी' ने आज रविवार (29 मार्च) को तीन वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मध्य प्रदेश में संचालित 'चीता परियोजना' लगातार सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही है। गौरतलब है कि, चीता मुखी का जन्म 29 मार्च 2023 को नामीबिया से लाई गई 'ज्वाला' की कोख से हुआ था। वह चार शावकों के समूह में एकमात्र जीवित बची थी। भीषण गर्मी के कारण उसके अन्य तीन भाई-बहन जीवित नहीं रह सके। प्रारंभिक परिस्थितियाँ चुनौतीपूर्ण थीं, लेकिन कूनो नेशनल पार्क के पशु चिकित्सकों और वन्य-जीव विशेषज्ञों की सतत निगरानी और देखभाल से मुखी आज पूर्णतः स्वस्थ है। चीता 'मुखी' की कहानी भारत में चीतों की पुनर्स्थापना के प्रयासों के दृढ़ संकल्प, श्रेष्ठ वैज्ञानिक प्रबंधन और संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गई है। कूनो नेशनल पार्क में 29 मार्च को 'मुखी' के तीसरे जन्म-दिवस



के अवसर पर एक विशेष और भावनात्मक वातावरण देखने को मिला। एक नन्हे शावक से आत्म-विश्वास लबरेज फरार्टे भरती वयस्क चीता और अब एक माँ बनने तक की मुखी की यात्रा प्रेरणादायक रही है। यह यात्रा इस बात का संकेत है कि भारत में चीतों के संरक्षण और पुनर्वास के प्रयास सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जनसम्पर्क अधिकारी केके जोशी ने बताया कि जन्म के साथ ही तीन शावकों की मृत्यु के सदमें में डूबी माँ ज्वाला ने मुखी को भी अस्वीकार कर दिया था। वन विभाग और कूनो के पशु चिकित्सकों ने मुखी का विशेष देखभाल के साथ पालन-पोषण किया। उसे भारतीय जलवायु के अनुकूल बनाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों से प्रशिक्षित और संरक्षित किया गया। समर्पित और समन्वित प्रयासों का परिणाम यह रहा कि मुखी स्वस्थ रूप से विकसित होकर एक ताकतवर और आत्मनिर्भर चीता बन सकी। उन्होंने बताया कि नवंबर 2025 में मात्र 33 महीने की आयु में मुखी ने पाँच स्वस्थ शावकों को जन्म देकर इतिहास रच दिया। यह पहला अवसर था जब भारत में जन्मे किसी चीते ने स्वयं शावकों को जन्म दिया। इसके साथ ही भारतीय भूमि पर चीतों की दूसरी पीढ़ी का आगमन हुआ, जिसने मध्य प्रदेश में ह्यचीता परियोजनाह्ल की सफलता का परचम ग्लोबल वन्य-जीव संरक्षण जगत में लहरा दिया।

तीन वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी मुखी पूरी तरह विकसित और स्वस्थ है और अपने प्राकृतिक आवास में सफलतापूर्वक अपने शावकों के साथ फरार्टे भर रही है। यह उपलब्धि सिद्ध कर रही है कि कूनो नेशनल पार्क का पर्यावरण और वन्य जीव प्रबंधन प्रवासी चीतों के प्राकृतिक जीवन चक्र के लिए अनुकूल सिद्ध हो रहा है।

# प्रशिक्षण महाभियान में 7200 कार्यकर्ताओं को किया गया प्रशिक्षित

दिल्ली भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार और रविवार को 68 मंडलों में महा प्रशिक्षण अभियान प्रवास शिविरों का आयोजन किया, इसमें लगभग 7200 मंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया

**संगठन**

सीएम ने प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित होकर कार्यकर्ताओं को संगठन प्रशिक्षण पर्व के प्रति प्रेरित किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार और रविवार को 68 मंडलों में महा प्रशिक्षण अभियान प्रवास शिविरों का आयोजन किया। इसमें लगभग 7200 मंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। अब तक पार्टी दिल्ली के 256 में से 171 मंडलों में कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्य पूर्ण हो गया है। सात सत्रीय रात्रि प्रवास प्रशिक्षण शिविरों को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित वरिष्ठ वक्ताओं ने संबोधित किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने गृह मंडल शालीमार बाग के प्रशिक्षण शिविर में दो घंटे के लिए सम्मिलित होकर कार्यकर्ताओं को संगठन प्रशिक्षण पर्व के प्रति प्रेरित किया। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने मदनपुर खादर वेस्ट मंडल में, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कालकाजी मंडल में, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने स्वरूप नगर, नांगलोई एवं देव नगर मंडल में, सांसद कमलजीत सहरावत ने रोशनपुरा एवं ढिचकाऊं मंडलों में, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल ने पहाड़गंज में, सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बल्लीमारन, कोहाट एवं कुदेश नगर वार्ड में, मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी में प्रशिक्षण सत्रों को सम्बोधित किया।

## हम 1 लाख से अधिक प्रशिक्षित कार्यकर्ता तैयार करने जा रहे हैं: सचदेवा

वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारियों कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने नांगल ठाकराण, किशनगंज एवं बल्लीमारन में, डा. सुमित भसीन ने देव नगर में, प्रवीण शंकर कपूर ने देव नगर, साध नगर, पहाड़गंज, रंजीत नगर एवं पूर्वी पटेल नगर में, मंत्री सोना कुमारी ने देव नगर मंडल में, विभिन्न प्रशिक्षण विषय सत्रों को संबोधित किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने विनोद नगर मंडल में कहा की भाजपा के प्रशिक्षित कार्यकर्ता दूसरे दलों के दलों के कार्यकताओं से भिन्न हैं क्योंकि वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं एकात्म मानववाद के सिद्धांतों से पोषित कार्यकर्ता हैं, जो देश सेवा से लेकर संगठन सेवा तक हर कार्य को हम के भाव से करते हैं और मैं के अहंकार से दूर रहते हैं। इस प्रशिक्षण महाभियान के माध्यम से हम 1 लाख से अधिक प्रशिक्षित कार्यकर्ता तैयार करने जा रहे हैं जिन्हे वैचारिक अधिष्ठान, पार्टी का इतिहास एवं विकास, पार्टी कार्य पद्धति, कार्य विस्तार योजना, बूथ प्रबंधन, हमारी केन्द्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां, सोशल मीडिया एवं एआई के उपयोग को लेकर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**उपलब्धियां**

केन्द्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां, सोशल मीडिया एवं एआई के उपयोग को लेकर प्रशिक्षित किया जा रहा

# टेली-लॉ पहल न्याय सुलभ बनाने का सशक्त माध्यम: उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।**
नई दिल्ली, 29 मार्च (हि.स.)। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने टेली-लॉ पहल पर राष्ट्रीय परामर्श कार्यक्रम में कहा कि न्याय तक पहुंच लोकतंत्र की आधारशिला है और यह सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी है कि न्याय कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं बल्कि सभी के लिए उपलब्ध अधिकार बने।
उपराष्ट्रपति ने रविवार को यहां विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा दिशा योजना के अंतर्गत आयोजित टेली-लॉ पहल पर राष्ट्रीय परामर्श को संबोधित किया।
इस अवसर पर विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर टेली-लॉ पहल को कानूनी सेवाओं का लोकतंत्रीकरण करने वाला सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए, खासकर महिलाओं, ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित वर्गों के लिए। यह राष्ट्रीय परामर्श न्याय प्रणाली को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करना ही सच्चे अर्थों में लोकतंत्र को मजबूत करता है।
उपराष्ट्रपति ने कहा कि सरकार की विभिन्न पहलों का उद्देश्य यह है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या भौगोलिक कारणों से न्याय से वंचित न रहे। टेली-लॉ जैसी पहलें इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**परामर्श**

सरकार की विभिन्न पहलों का उद्देश्य यह है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या भौगोलिक कारणों से न्याय से वंचित न रहे

# फर्जी 'नो-एंट्री परमिट रैकेट का भंडाफोड़, ट्रैफिक पुलिस ने चालक को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली** : दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ईस्टर्न रेंज ने फर्जी नो-एंट्री परमिशन के जरिए प्रतिबंधित समय में व्यावसायिक वाहनों को चलाने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में एक चालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक लाइट गुड्स व्हीकल जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार, नंद नगरी सर्किल को सूचना मिली थी कि कुछ वाहन चालक फर्जी नो-एंट्री परमिट का इस्तेमाल कर शाम के प्रतिबंधित समय में सड़कों पर वाहन चला रहे हैं। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए ऐसे वाहनों पर नजर रखनी शुरू की। ईस्टर्न रेंज के ट्रैफिक के पुलिस उपायुक्त के. रमेश ने रविवार को बताया कि घटना 27 मार्च की शाम करीब 6 बजे की है, जब एएसआई आदेश त्यागी और हेड कांस्टेबल अनुज वजीराबाद रोड स्थित लोनी गोलचक्कर के पास ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान उन्होंने एक टाटा ऐस को लोनी गोलचक्कर से खजूरी खास की ओर जाते देखा। इस मार्ग पर शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक व्यावसायिक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहती है, जब तक कि उनके पास वैध अनुमति न हो। जांच के दौरान वाहन के आगे लगे नो-एंट्री परमिट को चेक किया गया, लेकिन चालान सिस्टम में उसकी कोई वैधता नहीं पाई गई। इससे स्पष्ट हुआ कि चालक फर्जी परमिट का इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस ने तुरंत चालक और वाहन को कब्जे में लेकर मामला थाना गोकुलपुरी को सौंप दिया।



**सख्ती**

11 बजे तक व्यावसायिक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहती है, जब तक कि उनके पास वैध अनुमति न हो

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 106 पुलिसकर्मियों को सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्वी जिला पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यों को सराहते हुए पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने 106 पुलिसकर्मियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यह सम्मान उनके कर्तव्यनिष्ठा, पेशेवर दक्षता और समर्पण के लिए दिया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में जिले के सभी एसीपी, थाना प्रभारी (एसएचओ) और एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड के प्रभारी सहित सम्मानित पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने पुलिस बल के समर्पण, अनुशासन और कठिन परिस्थितियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने रविवार को कहा कि पुलिसकर्मियों का यह सम्मान न केवल उनकी मेहनत की पहचान है, बल्कि यह अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे पुलिस बल का मनोबल और ऊंचा होगा तथा सभी कर्मी भविष्य में भी इसी तरह ईमानदारी और लगन से अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहेंगे। समारोह में यह भी रेखांकित किया गया कि पूर्वी जिला पुलिस लगातार बेहतर पुलिसिंग और जनता के साथ मजबूत तालमेल बनाए रखने के लिए प्रयासरत है।




**सम्मानित**

यह सम्मान न केवल उनकी मेहनत की पहचान है, बल्कि यह अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है

# ट्रांसजेंडर विधेयक के खिलाफ जंतर मंतर पर प्रदर्शन, सरकार से वापस लेने की उठाई मांग

**आवाज उठाई**

जेएनयू छात्र संगठन समेत कई छात्र संगठनों ने भाग लिया और एकजुट होकर अपनी आवाज उठाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक 2026 के विरोध में जंतर मंतर पर ट्रांसजेंडर समुदाय और अधिकार कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन और जेएनयू छात्र संगठन समेत कई छात्र संगठनों ने भाग लिया और एकजुट होकर अपनी आवाज उठाई।



प्रदर्शनकारियों के अनुसार, यह विधेयक उनके अधिकारों की रक्षा करने के बजाय उन्हें सीमित करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रस्तावित बदलाव ट्रांसजेंडर समुदाय के मौलिक अधिकारों के खिलाफ हैं। प्रदर्शन में शामिल रोजी ने बताया कि ट्रांसजेंडर समाज पहले से ही सामाजिक और शैक्षणिक रूप से हाशिए पर हैं। ऐसे में यह विधेयक उन्हें सुरक्षा देने के बजाय भय का माहौल पैदा कर रहा है, इसलिए सरकार को इसे तुरंत वापस लेना चाहिए। वहीं, प्रदर्शनकारी प्रिया ने सरकार के दावों पर सवाल उठाते हुए बताया कि नई परिभाषा तय करने के नाम पर उनके अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी चिंता जताई कि इस विधेयक का सबसे अधिक नकारात्मक असर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले ट्रांसजेंडर लोगों पर पड़ेगा।
प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि सभी कानूनों में ट्रांसजेंडर समुदाय को स्पष्ट रूप से मान्यता दी जाए और उनकी पहचान, गरिमा और मौलिक अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से जन सेवा सदन में गायक सोनू निगम ने शिष्टाचार भेंट की।

# गैंगस्टर गोल्डी बराड़-रोहित गोदारा गिरोह का शूटर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कुख्यात रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़-विरेंद्र चरण गिरोह के एक शूटर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान दीपक कुमार उर्फ दिलावर (26) के रूप में हुई है। वह उन्नाव उप्र का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक सेमी-ऑटोमैटिक लोडेड पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि, आरोपित को सैनिक विहार इलाके से गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पूछताछ में आरोपी ने कई अहम खुलासे किए हैं, जिससे गैंग के नेटवर्क को समझने में मदद मिल रही है। पुलिस के मुताबिक, रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़-विरेंद्र चरण गिरोह पिछले कुछ समय से दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब में व्यापारियों को धमकी देकर रंगदारी मांग रहा था। दिसंबर 2025 में गिरोह ने दिल्ली के एक ज्वेलर से 10 करोड़ रुपये की मांग की थी। इस मामले में पहले ही पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें कुख्यात गैंगस्टर पंकज राजपूत भी शामिल है। जांच के दौरान पता चला कि गिरोह ने पंजाब के नकौदर स्थित बक्शी ट्रैवल कंपनी के मालिक से भी पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। दबाव बनाने के लिए 13 जनवरी 2026 को कंपनी के दफ्तर पर फायरिंग कराई गई थी।

# भारतीयों में पेट की चर्बी सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट: डॉ. जितेन्द्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि पेट के आसपास जमा चर्बी यानी केंद्रीय मोटापा, सामान्य मोटापे की तुलना में अधिक खतरनाक है। भारतीय संदर्भ में कई बार दुबले-पतले दिखने वाले लोगों में भी आंतरिक चर्बी अधिक होती है, जो गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने यहां हृदय रोग विज्ञान की व्यापक पाठ्य पुस्तक का लोकार्पण करते हुए कहा कि केंद्रीय मोटापा, भले ही व्यक्ति सामान्य दिखे, फिर भी मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, वसायुक्त यकृत और वसा विकार जैसी कई चयापचय संबंधी बीमारियों का जोखिम बढ़ाता है। पेट की चर्बी अपने आप में एक स्वतंत्र जोखिम कारक है। उन्होंने कहा कि भारत में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है लेकिन पेट के आसपास चर्बी का अनुपात असामान्य रूप से अधिक है, जो हृदय एवं चयापचय संबंधी जोखिम को बढ़ाता है। ऐसे में समय पर पहचान और लक्षित उपचार जरूरी है। बदलती जीवनशैली, खानपान की आदतें और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण युवाओं में भी टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं।



हर दिन हत्या, लूटमारी, किडनेपिंग, गैंगस्टर का बढ़ती घटनाओं, नशे के कारोबार और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के कारण दिल्ली में कानून व्यवस्था चिंताजनक

# कांग्रेस ने दिल्ली की कानून व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि हर दिन हत्या, लूटमारी, किडनेपिंग, गैंगस्टर का बढ़ती घटनाओं, नशे के कारोबार और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के कारण दिल्ली में कानून व्यवस्था चिंताजनक है। उन्होंने मांग की कि दिल्ली में बढ़ते अपराधों को देखते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तुरंत केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक कर दिल्ली के हालात को सुधारने के लिए कोई ठोस कदम उठाएं। देवेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली की गद्दी संभालते ही पिछले साल केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात कर दिल्ली की कानून व्यवस्था को दुरस्त करने की बात कही थी, लेकिन अपराध कम होने की बजाय लगातार बढ़ रहे है, जिसको पुलिस आयुक्त भी स्वीकारते है जिसके कारण उन्होंने पुलिस कर्मियों की छुट्टियां तक रद्द करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 2026 में जनवरी, फरवरी और मार्च के 15 दिनों में दिल्ली से लगभग 800 लोग गायब हुए है, जिसमें से दो तिहाई महिलाएं और लड़किया है। बढ़ती गुमशुदा लोगों की संख्या पर उच्च न्यायालय ने भी चिंता व्यक्त की है, परंतु पुलिस इस संकट का हल निकालने में नाकाम हो रही है।
देवेंद्र यादव ने कहा कि हांलाकि मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत 2026-27 के दिल्ली बजट में सामाजिक कल्याण क्षेत्र के लिए कुल 10,537 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ सामाजिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें महिलाओं और बाल विकास के लिए 7,406 करोड़ रुपये का समर्पित वित्त पोषण शामिल है, साथ ही अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण वित्त पोषण भी शामिल है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था और नशे पर लगाम लगाने में पूरी तरह फेल साबित हुई है और दिन प्रतिदिन बढ़ते अपराध और नशे की खुले आम बिक्री से दिल्ली के लोग खौफ के साए में जीवन जीने को मजबूर है।
देवेंद्र यादव ने कहा कि मार्च में उत्तम नगर में होली के दिन 26 वर्षीय तरुण कुमार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। ईद के दिन भजनपुरा में एक युवक की चाकू मारकर हत्या, फरवरी, 2026 में रोहिणी जेल से रिहा युवक साहिल की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में 35 वर्षीय व्यवसायी की उसकी फेक्ट्री के बाहर हमलावरों ने गोली मारकर हत्या, और फरवरी में नंद नगरी में 35 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या जैसी जघन्य घटनाएं दर्शाती है कि दिल्ली में कानून व्यवस्था पूरी तरह तरह चरमरा चुकी है।

**मांग**

दिल्ली में कानून व्यवस्था और नशे पर लगाम लगाने में पूरी तरह फेल साबित हुई है: कांग्रेस



# पुलिस ने 114 खोए-चोरी मोबाइल लोगों को लौटाए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी गैंग स्क्वॉड, सदर्न रेंज और नॉर्दर्न रेंज- की संयुक्त कार्रवाई ने कुल 114 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंपा है।
पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि डिजिटल युग में मोबाइल फोन केवल बातचीत का माध्यम नहीं, बल्कि निजी डाटा, बैंकिंग जानकारी, फोटो और महत्वपूर्ण दस्तावेजों का अहम साधन बन चुका है। ऐसे में फोन खोने या चोरी होने पर लोगों को भारी मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए क्राइम ब्रांच की विभिन्न इकाइयों ने तकनीकी और फील्ड स्तर पर विशेष अभियान चलाया।

**एंटी गैंग स्क्वॉड की उपलब्धि**

क्राइम ब्रांच के संयुक्त पुलिस आयुक्त सुरेंद्र कुमार के अनुसार एंटी गैंग स्क्वॉड ने वर्ष 2026 में अब तक 33 खोए/चोरी मोबाइल फोन ट्रेस किए, जिनमें से 19 मोबाइल उनके मालिकों को वापस किए जा चुके हैं। इस सफलता में डब्ल्यू/एचसी रूबी, कांस्टेबल मनजीत और मनोज कुमार की टीम ने अहम भूमिका निभाई। टीम ने दूरसंचार विभाग के सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी निगरानी के जरिए मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर उन्हें बरामद किया। वहीं सदर्न रेंज की टीम ने भी विशेष अभियान चलाकर महज 15 दिनों में 31 मोबाइल फोन बरामद किए। 27 मार्च को इनमें से 10 मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे गए। इस टीम में एसआई राजेश, एसआई अनुराग, एएसआई जगत सिंह, एएसआई संदीप समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# देश में युवाओं की सोच और बदलाव से राष्ट्र निर्माण को मिल रही है गति : नायब सिंह सैनी

**मन की बात**

**मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में युवाओं की सोच में बहुत बड़ा बदलाव आया है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं की सोच में बहुत बड़ा बदलाव आया है। इस सोच में हुए परिवर्तन से राष्ट्र निर्माण को गति मिल रही है। इतना ही नहीं मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को दुनिया का सबसे युवा देश बताया है। इस दौरान यमुनानगर के युवा प्रथम बराड़ की सोच ग्रीन व क्लीन भारत को ही समृद्ध भारत कहने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना की है। इसके साथ ही देश के विकास में प्रदेश के युवा भी लगातार तत्पर हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को कुरुक्षेत्र भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 132 वां संस्करण सुन रहे थे। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, जिला प्रभारी दीपक शर्मा मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण और जल संचय की अपील करते हुए अलग-अलग हिस्सों के लोगों की कहानी के साथ प्रेरणा दी है, क्योंकि जल ही जीवन है। सरकार ने अमृत सरोवर के माध्यम से बरसाती पानी इकट्ठा करने का अभियान चलाया है। इन अमृतसरोवरों की सफाई करके बरसात के पानी को रोककर भूजल स्तर बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। इससे हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए पानी मुहैया करवा सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक राज्य में बरसात के पानी को इकट्ठा करके समस्या को निपटने के कार्य, दूसरी जगह बरसाती पानी का संचय करके किसानों द्वारा खेती बढ़ाने जैसे अनूठे उदाहरण देकर जल बचाने के प्रति जागरूक किया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश में इस योजना का अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ देने के लिए राज्य सरकार की तरफ से अलग से सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संवाद स्थापित करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री के विचारों को भारत के आम लोगों तक पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करते हुए उन्हें तो गर्व महसूस होता ही है। इसके साथ ही दूसरे लोगों को भी लगता है कि हमें भी उनकी तरह मेहनत करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम विशेष रूप से युवाओं को नवाचार आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है। मन की बात कार्यक्रम न केवल विचारों को दिशा देता है, बल्कि देशवासियों को विकास, सेवा और जिम्मेदारी की भावना के साथ आगे बढने.का संदेश भी देता है। इस मौके पर चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी,भाजपा प्रदेश सचिव राहुल राणा, प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सागवान, महिला जिलाध्यक्ष वंदना गौरी, परमजीत कौर कश्यप,नरेंद्र पाल डाबला, जिला उपाध्यक्ष अनु मालयन , देवी दयाल शर्मा , कार्यालय सह प्रभारी सोमपाल राणा, रमेश सैनी, अमन सैनी, दीपक शर्मा,हन्नू चक्रपाणि,सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# कुरुक्षेत्र पुलिस की बड़ी सफलता, अपहृत व्यक्ति को सकुशल छुड़वायाः पुलिस अधीक्षक

**बड़ी सफलता**

**कुरुक्षेत्र पुलिस ने पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्गदर्शन में बड़ी सफलता हासिल की है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार**

कुरुक्षेत्र 29 मार्च। कुरुक्षेत्र पुलिस ने पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में बड़ी सफलता हासिल की है। थाना लाडवा पुलिस टीम ने लाडवा के अपहृत व्यक्ति को अपहरणकर्ताओं से छुड़वाने तथा अपहरणकर्ता दम्पति को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों ने उडीसा में व्यक्ति को किडनैप करके उसके परिजनों से 5 लाख की फिरौती मांगी थी।

जानकारी देते हुए थाना लाडवा प्रभारी निरीक्षक गुरनाम सिंह ने बताया कि दिनांक 26 मार्च को पुलिस को दी अपनी शिकायत में मेघा रानी ने बताया कि वह दो बहनें हैं। वह पानीपत तथा उसकी बहन पंजाब में शादीशुदा है। उसकी माता की मृत्यु हो चुकी है तथा उसके पिता लाडवा में अकेले रहते हैं। दिनांक 23 मार्च को उसके पिता अजीत वर्मा धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए भुवनेश्वर उड़ीसा के लिए चले थे। दिनांक 25 मार्च को भुवनेश्वर पहुंचने के कुछ समय बाद ही अज्ञात बदमाशों ने उनका अपहरण कर लिया।अपहरणकताओं ने अजीत वर्मा के मोबाइल फोन से उसे फोन किया कि आपके पिता को हमने किडनैप कर लिया है तथा पिता जी को छुड़वाने के लिए 5 लाख रुपए की मांग की। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि इस बारे में पुलिस को सूचना दी गई तो अच्छा नहीं होगा। आरोपियों ने जिसके पास भी फोन किया वाट्सएप कॉल से ही किया। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच की। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने थाना लाडवा की एक टीम का गठन कर तुरन्त उड़ीसा रवाना कर दिया।

दिनांक 28 मार्च को थाना लाडवा प्रभारी निरीक्षक गुरनाम सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सुरेश पीएसआई विकास कुमार की पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर जांच को आगे बढ़ाया। पुलिस टीमों ने तकनीक जांच के आधार पर कार्रवाई की जिसके आधार पर अपहृत अजीत वर्मा की लोकेशन पश्चिम बंगाल में मिलने के संकेत मिले। पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई के दौरान अजीत वर्मा को बंगाल से अपहरणकताओं के चंगुल से छुड़वा लिया। जल्द ही पुलिस टीम अपहृत अजीत वर्मा को लेकर लाडवा पहुंचेगी।

# मंडी व्यवस्था सुधारने की बजाय किसानों पर थोपे जा रहे नए नियमः संपूर्ण कोयल



**टीम एक्शन इंडिया**
**रणदीप धानियां,कलायत**

युवा जिलाध्यक्ष जजपा संपूर्ण ने कहा कि मंडी में फसल बेचने के लिए सरकार द्वारा जारी किए गए नए नियम किसानों के लिए गंभीर परेशानियां खड़ी कर सकते हैं। बिना पूरी तैयारी के लागू की गई यह व्यवस्था किसानों के लिए सुविधा से ज्यादा मुश्किल बनती नजर आ रही है। सबसे पहले, प्रदेश के लगभग 99 प्रतिशत किसान अपनी फसल ट्रैक्टर-ट्राली के माध्यम से मंडियों तक लेकर आते हैं। ऐसे में यह नया नियम ट्रैक्टर को अप्रत्यक्ष रूप से कमर्शियल वाहन की श्रेणी में लाने का एक प्रयोग लगता है, जिससे छोटे और मध्यम किसानों पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। दूसरी बड़ी चिंता यह है कि सरकारी पोर्टल और बायोमेट्रिक सिस्टम अक्सर तकनीकी कारणों से ठप हो जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सरकार यह गारंटी दे सकती है कि यह नया सिस्टम लगातार सुचारू रूप से चलेगा और किसानों को घंटों या दिनों तक मंडियों में इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

इसके अलावा यदि पोर्टल या सिस्टम फेल हो जाए और किसान भाड़े के ट्रैक्टर में अपनी गेहूं की फसल लेकर मंडी में फंस जाए, तो उस दौरान होने वाले अतिरिक्त किराये या आर्थिक नुकसान की जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या सरकार इसके लिए किसी प्रकार की भरपाई का प्रावधान कर रही है?सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हर मंडी के लिए एंट्री और एग्जिट प्वाइंट, ट्रैफिक मैनेजमेंट और पूरी प्रक्रिया का स्पष्ट मास्टर प्लान क्या है। या फिर बिना पर्याप्त तैयारी और व्यवस्था के यह नया नियम सीधे किसानों पर थोप दिया गया है। सरकार को चाहिए कि किसानों की वास्तविक परिस्थितियों को समझते हुए इन नियमों पर पुनर्विचार करे और ऐसी व्यवस्था लागू करे जिससे किसानों को राहत मिले, न कि नई परेशानियों का सामना करना पड़े।

# अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा 29 मार्च ( संजय नरवाल)** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बापौली में सनौली रोड पर अनाज मंडी के पास एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान बापौली निवासी अलीशान उर्फ बल्लू के रूप में हुई है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी एक टीम शनिवार को गश्त के दौरान बापौली में सनौली पर स्थित अनाज मंडी के पास थी। टीम को तभी एक संदिग्ध किस्म का युवक बापौली की और से पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान आलीशान उर्फ बल्लू पुत्र अयूब निवासी बापौली के रूप में बताई।

# लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में "हैप्पी क्लासरूम" प्रशिक्षण का सफल आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**लॉर्ड कृष्णा** पब्लिक स्कूल में 28 मार्च 2026 को विद्यालय परिसर में ह्लहैप्पी क्लासरूमह्व विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षण पद्धतियों को अधिक प्रभावी, रोचक एवं छात्र-केंद्रित बनाना था, जिससे कक्षा का वातावरण आनंदमय और सकारात्मक बनाया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी स्टाफ सदस्यों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण बताया।

**न्यूज फ्लैश**

## समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन और पैदल मार्च निकाला



**पंचकुला मैनपालः**
सेक्टर-20 और आसपास के क्षेत्र के निवासियों ने रविवार को अपनी दो प्रमुख समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन और पैदल मार्च निकाला। इस प्रदर्शन में नवनीत लुबाना, राजिंदर कौर, विवेक सरिता, मोहन और वीरा (आदर्श कॉलोनी) सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के समक्ष दो मुख्य मांगें रखीं—क्षेत्र की जर्जर और खराब सड़कों की तुरंत रिकार्पेटिंग कराई जाए तथा श्मशान घाट के आगे लंबे समय से लगे कूड़े के ढेर को जल्द हटाया जाए। लोगों का कहना है कि इन समस्याओं को लेकर वे कई बार शिकायतें दर्ज करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों का सड़कों पर उतरना उनकी नाराजगी और समस्या की गंभीरता को दर्शाता है। नवनीत लुबाना ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो क्षेत्रवासी बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अंत में सभी प्रदर्शनकारियों ने एकजुट होकर प्रशासन से अपील की कि जनता की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र हल किया जाए।

## बूस्टिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिली : विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बालाः** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि महेशनगर क्षेत्र में लोगों को स्वच्छ नहरी पानी की बेहतर उपलब्धता हेतु बूस्टिंग स्टेशन लगाने के लिए 1.54 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। विज ने बताया कि जल्द महेशनगर में बब्याल रोड पर पुरानी पानी की टंकी के निकट बूस्टिंग स्टेशन स्थापित किया जाएगा जिससे नहरी पानी की उपलब्धता महेशनगर क्षेत्र की दर्जनों कालोनियों में हो सकेगी और साथ ही ट्यूबवेल से पेयजल आपूर्ति की निर्भरता कम होगी। वहीं, बूस्टिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए 1.54 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत होने पर आज महेशनगर वार्ड नंबर नौ से पार्षद रेणु चौहान, वार्ड नंबर आठ से पार्षद सोमनाथ सहित भाजपा नेता विजेंद्र चौहान, नीरज शर्मा, सतनाम सैनी, मदनलाल, पवन कुमार, विनोद कुमार, आनंद भाटिया, सुनील कन्नोजिया ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से गर्मियों से पहले ही यह राशि मंजूर हो सकी है जिसका लाभ महेशनगर क्षेत्र में बसे हजारों निवासियों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि महेश नगर में बूस्टिंग स्टेशन स्थापित होने से दयालबाग, महेश नगर, भरत नगर, शिवप्रताप नगर, कबीर नगर, ट्यूबवेल कॉलोनी, बिहारी कालोनी, रामा इस्टेट, गोल्डन पार्क, दयालबाग एफ ब्लॉक आदि क्षेत्रों में फायदा होगा। इससे पहले महेश नगर क्षेत्र के आर्य नगर में बूस्टिंग स्टेशन स्थापित था जिससे नहरी पानी की सप्लाई कालोनियों में होती थी, मगर अब महेश नगर पानी की टंकी के निकट नया बूस्टिंग स्टेशन बनने पर अन्य कालोनियों के निवासियों को लाभ मिलेगा।

# एकादशी व्रत के अवसर पर पौधे लगाए व गौमाताओं को 11 कट्टे हरा चारा व 5 किलो गुड़ खिलायाः दिलबाग सिंह प्राध्यापक



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**

**एकादशी** व्रत के पावन अवसर पर सर्वप्रथम पुरखास रोड फौजी कैंटीन के सामने प्लाट में पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधे लगाए उसके उपरांत कामी रोड पर स्थित गौशाला में पहुंचकर गौमाताओं को 11 कट्टे हरा चारा व 5 किलोग्राम गुड़ खिलाया । दिलबाग सिंह हिंदी प्रवक्ता ने बताया कि गौमाताओं की सेवा करने से मन प्रसन्न रहता है व गौमाताओं के शरीर में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है । संजय कुमार गणित प्रवक्ता ने बताया कि गौमाताओं की सेवा करने से असाध्य रोग समाप्त हो जाते हैं व प्राणियों की सेवा करना सबसे उत्तम कार्य है । संदीप सैनी व विकास कुमार गौसेवक ने सभी को संदेश दिया है कि पौधे लगाना , गौमाताओं की सेवा करना सामाजिक दायित्व है सभी ने बढ़ चढ़कर पौधे लगाने चाहिए व उनकी सुरक्षा करनी चाहिए। गौमाताओं की सेवा करना पुण्य का कार्य है।

# प्रधानमंत्री मोदी का "मन की बात" कार्यक्रम "देश का दर्शन है" : विज

**मन की बात**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को मूल मंत्र दिया कि जो खेलेगा वो खिलेगा : मंत्री अनिल विज**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय ह्लमन की बातह्व कार्यक्रम ह्लसारे देश का दर्शन हैह्व। कार्यक्रम के माध्यम से देश के हर कोने में क्या हो रहा है, सब उसमें दिखाया जा रहा है और यह एक अच्छा कार्यक्रम हैं जिसे सभी को देखना चाहिए। विज अम्बाला छावनी ट्रिब्यून कालोनी में वरिष्ठ सीए एडी गांधी के निवास स्थान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय ह्लमन की बातह्व कार्यक्रम को देखने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमारे प्रिय मित्र, फिलोस्फर व गाईड हैं।

आज मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के हर कोने में क्या हो रहा है, कहां मछली पालन, कहां खेती में क्या-क्या प्रयोग किए जा रहे हैं यह सब उसमें दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के भिन्न-भिन्न हिस्सों में देशवासियों ने क्या-क्या उपलब्धियां हासिल की हैं उसे इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी के साथ सांझा करते हैं। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से मूल मंत्र भी दिया है कि ह्लजो खेलेगा वो खिलेगाह्व। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर वरिष्ठ सीए एडी गांधी व अन्य गणमान्य लोगों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर एलईडी के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से अपना संदेश दिया जिसे कैबिनेट मंत्री के साथ-साथ उपस्थित सभी ने देखा व सुना। इस अवसर पर एडी गांधी, सौरभ गांधी, गौरव गांधी, कपिल विज, डा. आरके अनेजा, डा. एमके दत्ता, नरेश भारद्वाज, सुनील वधावन, एमएस टंडन, जसवंत जैन, कमलजीत जैन, शुभम विज, शैली खन्ना, आरती सहगल के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण से भाजपा कार्यकर्ताओं का विकास होता हैः विधायक घनश्यामदास अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**



भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने जानकारी देते हुए बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियानझ्र2026 के अंतर्गत यमुनानगर विधानसभा के मंडल यमुना एवं बुड़ीया मंडल में भाजपा कार्यकताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर प्रदेश की विधानसभा रामगढ़ से विधायक एवं प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश प्रभारी देवेंद्र मन्याल एवं विधायक घनश्यामदास अरोड़ा के साथ प्रशिक्षण देने वाले भाजपा पदाधिकारी गण ने शिरकत की।भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि नायब सरकार हरियाणा को विकसित राज्य बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भाजपा सरकार बिना भेदभाव के हर क्षेत्र में समान विकास करा रही है।जम्मू कश्मीर में विधायक एवं भाजपा प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश प्रभारी देवेंद्र मन्याल ने प्रशिक्षण में भाजपा कार्यकताओं को संगठन की असली ताकत बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य जमीनी स्तर पर भाजपा कार्यकताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित और कुशल बनाना है।भाजपा कार्यकताओं को भाजपा संगठन की वैचारिक कार्यशैली से अवगत कराया व कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है। यह अभियान कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा, इतिहास और नीतियों के प्रति जागरूक करता है। यमुनानगर विधायक घनश्यामदास अरोड़ा ने कहा कि जन-जन तक सरकार के विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से पहुँचा सकें और संगठन को और अधिक मजबूत कर सकें इसलिए भाजपा ने यह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की हैं।यमुनानगर विधायक घनश्यामदास अरोड़ा ने भाजपा कार्यकताओं को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकताओं में निपुणता, कार्य कुशलता और आत्मविश्वास बढ़ता है व जिम्मेदार राजनीतिक कार्यकताओं को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला महामंत्री प्रवीण खदरी ने कहा कि प्रशिक्षण वह सेतु है जो कार्यकर्ता और समाज के बीच मजबूत संबंध बनाता है। इससे कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को समझकर उनका समाधान करने में सक्षम होता है।पूर्व मेयर मदन चौहान,पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग एवं पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आंनद ने विश्वास जताया कि इस प्रशिक्षण से कार्यकर्ता संगठन के साथ-साथ देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।प्रदेश में तेज गति से विकास कार्य हो रहे हैं और राज्य लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है।यमुना मंडल अध्यक्ष मनोज धीमान एवं बुडिया मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार ने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे मोदी और नायब सैनी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं।

इस दौरान जिला महामंत्री प्रवीण खदरी,ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पूर्व मेयर मदन चौहान, पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आंनद,पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग पूर्व जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला, मंडल अध्यक्ष मनोज धीमान,मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार,शुभम राणा,वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण जुआल, चेयरमैन राजकुमार खारवन, संगीता सिंघल,सतीश चौधरी,सुरेंद्र शर्मा,जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, जंगशेर सिंह, जिला आइटी प्रमुख शुभम दत्ता, अशोक चनेटी,सहित बहुत से भाजपा पदाधिकारी साथ रहें

# स्वामी चंद्रपाल अनार्य की अस्थि यात्रा पहुँची अम्बाला, श्रद्धा से उमड़ा जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बालाः** अंबाला में भावाधस के राष्ट्रीय सर्वोच्च निर्देशक एवं आदिधर्म गुरू ब्रह्मलीन स्वामी चंद्रपाल अनार्य जी की अस्थि यात्रा के पहुंचने पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। विभिन्न क्षेत्रों से आए अनुयायियों और श्रद्धालुओं ने नम आंखों से गुरुदेव को अंतिम विदाई दी।इस दौरान कार्यवाहक राष्ट्रीय सर्वोच्च निर्देशक वीरेश नरेश धींगान, राष्ट्रीय निर्देशक वीरश्रेष्ठ रामलाल कल्याण, मुख्य संचालक शिव कुमार बिरला, केंद्रीय सदस्य चमनलाल भुम्भक, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सिरसवाल, धर्मज्ञ वीर धर्मवीर अनार्य, धर्मज्ञ वीर रवि मतंग, आकाश लोहट और मोहनलाल बॉबी विशेष रूप से मौजूद रहे।कार्यक्रम में युवा प्रदेश प्रभारी वीर रजत परोचा, जिलाध्यक्ष अंबाला वीर शिव खोड़ा, जिलाध्यक्ष कुरुक्षेत्र वीर पवन छाछरा सहित प्रदीप परोचा, बंटी लोहट, रोकी परोचा, राजन, अक्षय बेदी, सतपाल, मनिंदर लहारसा, गोकुल समेत बड़ी संख्या में अनुयायियों ने भाग लिया।अस्थि यात्रा के दौरान पूरे माहौल में गहरा शोक और श्रद्धा का भाव नजर आया। उपस्थित जनों ने स्वामी चंद्रपाल अनार्य जी के बताए मार्ग पर चलने और उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## संपादकीय

# संकट के दौर में वैश्विक पर्यटन उद्योग

**अमेरिका-इजरायल** और ईरान युद्ध के साइड इफेक्ट के रुप में दुनिया का पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। एक अनुमान के अनुसार 152 करोड़ पर्यटकों से गुलजार रहने वाले वैश्विक पर्यटन उद्योग के मौजूदा हालात के चलते अतिमंदी के दौर से गुजरने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। वैसे तो सभी देशों में पर्यटन उद्योग पर विपरीत असर पड़ने जा रहा है पर सबसे अधिक असर मध्य पूर्व के देशों में देखा जा सकता है। जानकारों के अनुसार अकेले मध्य पूर्व को ही 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान भुगतना पड़ सकता है। दुनिया में सबसे अधिक पर्यटक फ्रांस की धरती पर जाते हैं और माना जाता है कि 9 से 10 करोड़ पर्यटक तो फ्रांस का रुख करते हैं। जहां तक भारत का प्रश्न है, हमारे यहां भी लगभग 2 करोड़ विदेशी पर्यटक देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का रुख करते हैं। पर मौजूदा हालात के चलते विश्व के अन्य देशों की तरह भारत में भी विदेशी पर्यटकों की आवाजाही पर विपरीत प्रभाव पड़ना ही है। एक सकारात्मक पक्ष यह देखा जा सकता है कि भारत और दुनिया के देशों में देशी पर्यटकों की संख्या में उछाल के चलते इस उद्योग को संजीवनी अवश्य मिलती लगती है। वर्तमान दौर में दुनिया के चौधरी बने देशों को यह समझ लेना चाहिए कि अब वह जमाना गया जब हफ्ते दो हफ्ते में युद्ध का फैसला हो जाया करता था। आज छोटे-से छोटा देश भी युद्ध को लंबा खींचने की कूवत रखता है। इसे हम रुस-यूक्रेन युद्ध से अच्छी तरह से समझ सकते हैं। अमेरिका ने भी जब ईरान पर आक्रमण किया तो ट्रंप भी इसी मुगालते में थे कि दो-चार दिन में ईरान के घुटने टिकवा देंगे पर सारे कयास धरे के धरे रह गए और इनके चक्कर में दुनिया अस्थिरता और संकट में और आ गई। आज हालात यह हो गए हैं कि युद्ध तो आप शुरू कर सकते हैं पर युद्ध शुरू होने के बाद कब बंद होगा यह आपके हाथ में नहीं रहेगा। युद्ध के चलते हालात ऐसे हो गए हैं कि चाह कर भी पर्यटक घूमने का रुख नहीं कर पा रहे हैं। केवल और केवल ट्रंप के दादागिरी के चलते दुनिया के देशों की जीडीपी में करीब 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी निभाने वाला पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। होटल और ट्रैवल उद्योग से जुड़ी एजेंसियों के सामने बड़ा संकट आ गया है तो दुनिया के देशों और संस्कृतियों से जुड़ने और समझ कर एक-दूसरे के नजदीक आने की जो पहल पर्यटन उद्योग के चलते हुई थी उस पर लगभग विराम के हालात होते जा रहे हैं। 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का पर्यटन उद्योग आज संकट के दौर में आ गया है। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो थाईलैंड की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी पर्यटन उद्योग की है और वह लगातार दूसरे साल गंभीर संकट के दौर में आ गई है। जैसे-तैसे पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हजार डॉलर प्रतिदिन के लग्जरी कमरों की कीमत घटकर 300 डॉलर तक कर देने के बाद भी पर्यटक रुख नहीं कर रहे हैं।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# नई करवट लेती नेपाल की राजनीति

आशीष राजपूत

> “हिन्दू एकजुटता को कमजोर करने के लिए क्षेत्रीय, जातीय और पहचान आधारित राजनीति को बढ़ावा मिला, जिससे समाज की पारंपरिक सांस्कृतिक एकता प्रभावित हुई। वामपंथी दलों, विशेषकर माओवादी और अन्य कम्युनिस्ट समूहों ने धर्मनिरपेक्षता को सामाजिक न्याय और आधुनिकता के साथ जोड़ा। उनकी वैचारिक दृष्टि में पारंपरिक हिन्दू व्यवस्था को प्राय: जाति-आधारित असमानता और रूढ़िवादिता से जोड़ा गया, जिसके परिणामस्वरूप नीतिगत और शैक्षिक क्षेत्रों में धार्मिक प्रतीकों तथा वैदिक परंपराओं की भूमिका सीमित होती गई”

राम नवमी के पावन अवसर पर जब 108 ब्राह्मण बटुकों के स्वस्ति-वाचन, सात शंखनादों की गूंज और बौद्ध भिक्षुओं द्वारा अष्टमंगल पाठ के बीच बलेन्द्र शाह ने नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली, तो यह केवल एक औपचारिक राजनीतिक घटना नहीं रही बल्कि इसने नेपाल की स्थापित राजनीतिक परंपराओं और धारणाओं को बदल दिया। वैदिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक प्रतीकों से परिपूर्ण इस शपथग्रहण ने हिन्दू राजनीति के उस विमर्श को पुनर्जीवित कर दिया, जो लंबे समय से नेपाल की राजनीति के हाशिये पर चला गया था। यह दृश्य बताता है कि नेपाल एक बार फिर अपनी राजनीतिक संरचना में हिन्दू मूल्यों और सांस्कृतिक पहचान को केंद्र में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। यह घटनाक्रम और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि 2006 के बाद नेपाल के संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में पुनर्परिभाषित होने और धर्मनिरपेक्षता को शासन का अभिन्न तत्व बनाकर वामपंथी दलों के प्रभुत्व ने एक ऐसी राजनीतिक छवि निर्मित की, जिसमें हिन्दू प्रतीकों और वैदिक परंपराओं की भूमिका सीमित होती गई। ऐसे में, इस प्रकार का शपथग्रहण केवल एक सांस्कृतिक संकेत नहीं, बल्कि व्यापक राजनीतिक परिवर्तन की संभावनाओं की ओर इशारा करता है। अतः इस पूरे परिदृश्य को समझने के लिए नेपाल के राजनीतिक इतिहास और उसके वैचारिक उतार-चढ़ाव का गहन विश्लेषण आवश्यक हो जाता है। नेपाल में 1768 में पृथ्वी नारायण शाह द्वारा नेपाल के एकीकरण के साथ आधुनिक राजशाही की स्थापना हुई। इस समय शासन पूरी तरह राजतांत्रिक था, जहाँ राजा सर्वोच्च सत्ता के केंद्र थे और जनता की राजनीतिक भागीदारी नगण्य थी। यह व्यवस्था लंबे समय तक चली, विशेषकर 1846 से 1951 तक के राणा शासन के दौरान, जहाँ वास्तविक सत्ता राणा प्रधानमंत्रियों के पास थी जबकि राजा केवल प्रतीकात्मक भूमिका में थे। राजशाही और निर्वाचित सरकार के सह-अस्तित्व की शुरूआत 1951 में हुई, जब राणा शासन के अंत के बाद



लोकतांत्रिक प्रयोग प्रारंभ हुआ। इस दौर में पहली बार नेपाल में राजनीतिक दलों को मान्यता मिली और निर्वाचित सरकार की अवधारणा सामने आई। हालांकि, यह प्रयोग स्थिर नहीं रह सका। 1960 में राजा महेन्द्र ने लोकतांत्रिक सरकार को भंग कर ह्यपंचायत प्रणालीह्न लागू की, जिसमें दल-विहीन व्यवस्था के तहत सत्ता पुनः राजा के हाथों में केंद्रीकृत हो गई। इस प्रकार निर्वाचित सरकार की भूमिका सीमित हो गई और राजशाही पुनः प्रमुख शक्ति बन गई। 1990 का जनआंदोलन इस संबंध में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। इसके परिणामस्वरूप नेपाल में संवैधानिक राजतंत्र की स्थापना हुई, जहाँ राजा राष्ट्राध्यक्ष बने रहे, लेकिन वास्तविक कार्यपालिका शक्ति निर्वाचित सरकार के पास आ गई। 1990 के संविधान ने बहुदलीय लोकतंत्र को मान्यता दी और पहली बार स्पष्ट रूप से राजा और निर्वाचित सरकार के बीच शक्ति-विभाजन को परिभाषित किया। इस दौर में दोनों के बीच एक संतुलन स्थापित करने का प्रयास हुआ, लेकिन समय-समय पर तनाव भी उत्पन्न होते रहे, विशेषकर तब जब राजशाही ने राजनीतिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप किया। 2005 में राजा ज्ञानेन्द्र द्वारा प्रत्यक्ष शासन संभालने के निर्णय ने इस संबंध को गंभीर संकट में डाल दिया। इसके खिलाफ व्यापक जनआंदोलन हुआ, जिसे 2006 का जनआंदोलन कहा जाता है। इस आंदोलन ने राजशाही की शक्ति को समाप्त कर दिया और अंततः 2008 में नेपाल को पूर्ण गणराज्य घोषित किया गया। इसके साथ ही राजशाही का अंत हो गया और निर्वाचित सरकार ही संप्रभु सत्ता का केंद्र बन गई। इन पूरे घटनाक्रम में भले ही राजतंत्र और लोकतंत्र के टकराव की प्रतिध्वनि सुनाई देती हो, किंतु एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी उभरकर सामने आता है कि वामपंथी विचारधारा के आगमन के साथ नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता और हिंसा का एक नया दौर प्रारंभ हुआ। माओवादी संगठनों विशेषकर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी) ने सशस्त्र विद्रोह के माध्यम से राज्य सत्ता को चुनौती दी और सामाजिक-आर्थिक असमानताओं के प्रश्न को आधार बनाकर हिंसात्मक संघर्ष का मार्ग अपनाया। इस संघर्ष ने न केवल राज्य व्यवस्था को झकझोरा, बल्कि समाज के भीतर भी गहरे विभाजन उत्पन्न किए। वामपंथी आंदोलन का एक महत्वपूर्ण परिणाम यह रहा कि गणराज्य की स्थापना के साथ ही धर्मनिरपेक्षता को संविधान का अभिन्न अंग बना दिया गया। सिद्धांततः यह व्यवस्था समावेशिता और समानता पर आधारित थी, परंतु व्यवहार में इसके माध्यम से हिन्दू पहचान को सार्वजनिक जीवन में सीमित करने की प्रवृत्ति देखने को मिली।

हिन्दू एकजुटता को कमजोर करने के लिए क्षेत्रीय, जातीय और पहचान आधारित राजनीति को बढ़ावा मिला, जिससे समाज की पारंपरिक सांस्कृतिक एकता प्रभावित हुई। वामपंथी दलों, विशेषकर माओवादी और अन्य कम्युनिस्ट समूहों ने धर्मनिरपेक्षता को सामाजिक न्याय और आधुनिकता के साथ जोड़ा। उनकी वैचारिक दृष्टि में पारंपरिक हिन्दू व्यवस्था को प्रायः जाति-आधारित असमानता और रूढ़िवादिता से जोड़ा गया, जिसके परिणामस्वरूप नीतिगत और शैक्षिक क्षेत्रों में धार्मिक प्रतीकों तथा वैदिक परंपराओं की भूमिका सीमित होती गई। इस प्रक्रिया में हिन्दू धार्मिक आयोजनों, सांस्कृतिक प्रतीकों और सार्वजनिक अभिव्यक्तियों का महत्व धीरे-धीरे कम हुआ, जिससे समाज के एक वर्ग में ह्यसांस्कृतिक असंतुलनह्न की भावना विकसित हुई। इसी के साथ, नेपाल की विदेश नीति और आंतरिक राजनीति में भी भारत-विरोधी स्वर अधिक मुखर हुए, जबकि चीन का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष हस्तक्षेप दिखने लगा। धर्म से विमुख राजनीति में जब सत्ता नैतिक-सांस्कृतिक मूल्यों से कट जाती है, तो उसमें उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता कम होने लगती है। नेपाल में सामाजिक और आर्थिक सुधारों के नाम पर स्थापित व्यवस्था अपेक्षित परिणाम देने में विफल रही और भ्रष्टाचार, अस्थिरता तथा प्रशासनिक अक्षमता जैसी समस्याएँ उभरकर सामने आईं। परिणामस्वरूप, समाज में अपनी सांस्कृतिक पहचान के पुनर्स्थापन की मांग तेज होने लगी। इन्हीं परिस्थितियों के बीच 2025 का जनआंदोलन एक निर्णायक मोड़ बनकर उभरा। इस आंदोलन ने न केवल राजनीतिक असंतोष को अभिव्यक्ति दी, बल्कि यह भी संकेत दिया कि नेपाल की जनता अब अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को पुनः राजनीतिक विमर्श के केंद्र में देखना चाहती है। जनता का सड़क पर उतरना, सत्ता को उखाड़ फेंकना और अंतरिम सरकार के हाथों में नेपाल का जाना, इन परिस्थितियों नें राजनीति में नए चेहरों के आने को तय कर दिया। अब चुनाव पश्चात जब बलेन्द्र शाह प्रधानमंत्री बने हैं तो नेपाल एक ऐसे संक्रमणकाल में प्रवेश करता दिखाई देता है, जहाँ हिन्दू मूल्यों, सांस्कृतिक पहचान और राजनीतिक संरचना के बीच संबंधों को नए सिरे से परिभाषित किया जा रहा है।

# हँसी की संस्कृति और संवेदनशीलता का संतुलन

**सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

आधुनिक जीवन की आपाधापी में जब मनुष्य निरंतर तनाव, प्रतिस्पर्धा और मानसिक दबाव से जूझ रहा है, ऐसे समय में 1 अप्रैल का दिन एक हल्की मुस्कान लेकर आता है। सामान्यतः इसे मजाक और छल के दिन के रूप में देखा जाता है, लेकिन यदि हम गहराई से विचार करें तो यह दिन केवल हास-परिहास का अवसर नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक व्यवहार और संवेदनशीलता की परीक्षा भी है। हर वर्ष 1 अप्रैल को दुनिया भर में अप्रैल फूल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग एक-दूसरे के साथ हल्के-फुल्के मजाक, शरारतें और हास्यपूर्ण छल करके हँसी का वातावरण बनाते हैं। हालांकि इसका मूल स्रोत यूरोप से जुड़ा माना जाता है, लेकिन समय के साथ यह परंपरा भारत में भी अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक रंगत के साथ रच-बस गई है। हँसी मानव जीवन की सबसे सहज और प्रभावशाली औषधि है। यह न केवल मन को हल्का करती है, बल्कि संबंधों को भी सुदृढ़ बनाती है। एक स्वस्थ समाज वही होता है जहाँ लोग हँसना जानते हों, एक-दूसरे के साथ सहजता से जुड़ सकें। किंतु समस्या तब उत्पन्न होती है जब हास्य अपनी मयार्दा खो देता है और व्यंग्य या उपहास का रूप ले लेता है। किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचाकर प्राप्त की गई हँसी वास्तव में संवेदनहीनता का परिचायक होती है। आज सोशल मीडिया के दौर में ह्नएप्रिल फूलह्न का स्वरूप और भी व्यापक हो गया है। डिजिटल मंचों पर फैलाए जाने वाले झूठे संदेश, भ्रमित करने वाली सूचनाएँ और अनर्गल मजाक कभी-कभी गंभीर परिणाम भी उत्पन्न कर देते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम इस दिन को केवल मनोरंजन तक सीमित रखें, न कि किसी के आत्मसम्मान को आहत करने का माध्यम बनाएं। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि जीवन में हल्कापन कितना आवश्यक है। गंभीरता और जिम्मेदारियों के बीच यदि थोड़ी-सी मुस्कान शामिल हो जाए, तो जीवन अधिक संतुलित और सुखद बन सकता है। हमें अपने भीतर उस बालसुलभ सरलता को जीवित रखना चाहिए, जो बिना किसी छल के, निष्कपट हँसी में प्रकट होती है। अतः 1 अप्रैल का वास्तविक संदेश यही है कि हम हँसी को जीवन का हिस्सा बनाएं, परंतु उसे संवेदनशीलता, मयार्दा और सम्मान के साथ जीएँ। यही संतुलन हमें एक बेहतर इंसान और एक स्वस्थ समाज की ओर ले जाएगा।भारतीय संदर्भ में अप्रैल फूल केवल मजाक तक सीमित नहीं, बल्कि यह सामाजिक व्यवहार का एक ऐसा पहलू बन गया है जिसमें रिश्तों की सहजता, अपनापन और हंसी की मिठास झलकती है। भारत जैसे विविधता भरे देश में, जहां त्योहारों और उत्सवों की भरमार है, वहां यह दिन औपचारिक पर्व न होते हुए भी जन-जीवन में हंसी और हल्केपन का अवसर लेकर आता है।

## विचार

# वैश्विक टकराव के बीच भारत के लिए चिंता और चुनौतियां

**-डा. पंकज भारद्वाज**

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध को 30 दिन गुजर चुके हैं, लेकिन हालात अब भी बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस संघर्ष ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को झकझोर दिया है, बल्कि पूरी दुनिया की राजनीति, अर्थव्यवस्था और कूटनीति को भी प्रभावित किया है। ताजा घटनाक्रम इस युद्ध को और अधिक खतरनाक मोड़ पर ले जाता दिखाई दे रहा है। ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी जंगी जहाज यूएसएस अब्राहम लिंकन पर मिसाइल हमला किया, जिसके बाद उसे अपनी पोजिशन बदलनी पड़ी। हालांकि इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन इससे यह संकेत जरूर मिलता है कि ईरान अब सीधे अमेरिकी सैन्य ताकत को चुनौती देने के मूड में है। ईरानी नौसेना ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि अमेरिकी बेड़ा उसकी मिसाइल रेंज में दोबारा आता है, तो और भी बड़े हमले किए जाएंगे दूसरी ओर, इजराइल की ओर से आक्रामक रुख जारी है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज के अनुसार, अब तक ईरान पर लगभग 15,000 से अधिक बम गिराए जा चुके हैं। यह आंकड़ा इस युद्ध की भयावहता और व्यापकता को दशार्ता है। लगातार हो रहे हमलों ने ईरान के सैन्य और रणनीतिक ढांचे को गहरा नुकसान पहुंचाया है, लेकिन ईरान भी पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा। ईरान ने अमेरिकी प्रस्ताव को ठुकराते हुए स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध का अंत केवल उसकी शर्तों और समय के अनुसार ही होगा। इसके लिए उसने पांच प्रमुख शर्तें भी सामने रखी हैं, जो उसके आत्मविश्वास और रणनीतिक सोच को दशार्ती हैं। यह स्थिति शांति वार्ता की संभावनाओं को फिलहाल कमजोर बनाती है।

इसी बीच एक राहत भरी खबर यह है कि ईरान ने भारत, चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान जैसे देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इन देशों को ह्लमित्र राष्ट्रह्व बताते हुए कहा कि यह मार्ग पूरी तरह बंद नहीं है, बल्कि केवल उन देशों के लिए प्रतिबंधित है जो ईरान के खिलाफ हैं। यह कदम ईरान की कूटनीतिक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके जरिए वह अपने मित्र देशों का समर्थन बनाए रखना चाहता है। इस युद्ध का भारत पर बहुआयामी प्रभाव पड़ रहा है। सबसे पहले, ऊर्जा सुरक्षा की बात करें तो भारत अपनी तेल जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व से आयात करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व का सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्ग है। हालांकि भारत को फिलहाल इस रास्ते से गुजरने की अनुमति मिली है, लेकिन युद्ध के चलते यहां किसी भी समय खतरा बढ़ सकता है, जिससे तेल आपूर्ति बाधित हो सकती है और कीमतों में उछाल आ सकता है। दूसरा बड़ा असर भारत की कूटनीति पर पड़ रहा है। भारत के अमेरिका, इजराइल और ईरान तीनों देशों के साथ रणनीतिक संबंध हैं। ऐसे में इस युद्ध में संतुलन बनाए रखना भारत के लिए एक बड़ी चुनौती है। भारत अब तक तटस्थ रुख अपनाते हुए शांति और संवाद की अपील करता रहा है, लेकिन परिस्थितियां जटिल होती जा रही हैं। तीसरा महत्वपूर्ण पहलू भारतीय प्रवासी नागरिकों का है। खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं। युद्ध की स्थिति बिगड़ने पर उनकी सुरक्षा और वापसी एक बड़ी चिंता बन सकती है, जैसा कि पहले भी संकट के समय देखा गया है। इसके अलावा, वैश्विक व्यापार और शेयर बाजारों पर भी इसका असर पड़ रहा है, जिसका सीधा प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिख सकता है। तेल की कीमतें बढ़ने से महंगाई का दबाव बढ़ेगा और आम जनता पर इसका असर पड़ेगा। निश्चित रूप से अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहा यह युद्ध केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन की परीक्षा बन चुका है। जहां एक ओर सैन्य ताकत का प्रदर्शन हो रहा है, वहीं दूसरी ओर कूटनीतिक चालें भी तेज हो गई हैं। भारत के लिए यह समय सतर्कता, संतुलन और दूरदर्शिता का है। ऊर्जा सुरक्षा, कूटनीतिक संतुलन और अपने नागरिकों की सुरक्षा इन तीनों मोर्चों पर मजबूत रणनीति अपनाकर ही भारत इस संकट से प्रभावी तरीके से निपट सकता है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# बड़े आर्थिक फैसले, आम आदमी की मुश्किलें और बड़ी

**प्रो. आरके जैन**

ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष की तपिश में उबलता होर्मुज स्ट्रेट आज भारत की आर्थिक नब्ज पर रखा वह दबाव है, जो हर धड़कन के साथ महंगाई की सुई को और ऊपर चढ़ा रहा है। कच्चे तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं और आयात पर निर्भर देश के लिए यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि आम आदमी की रोजमर्रा की जंग बन चुका है। सुबह की चाय से लेकर रात की रसोई तक, हर खर्च में ईंधन की आग झलक रही है। ऐसे समय में जब सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपये की कटौती का ऐलान किया, तो लगा जैसे राहत की पहली बूंद गिरी है—लेकिन जब पेट्रोल पंप पर कीमतें जस की तस रहीं, तो यह बूंद भी धुएं में बदलती नजर आई। सवाल अब और तीखा हो गया है—क्या यह राहत सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी है या सच में जनता तक पहुंचेगी?

\सरकार का कदम निश्चित रूप से त्वरित और साहसिक कहा जा सकता है। राजस्व में भारी कमी का जोखिम उठाकर केंद्र ने पेट्रोल और डीजल पर कर घटाए, ताकि तेल कंपनियों के बढ़ते घाटे को थामा जा सके। पेट्रोलियम क्षेत्र के जानकारों के अनुसार कंपनियां प्रति लीटर भारी नुकसान झेल रही थीं, और यह कटौती उनके अस्तित्व को संतुलित करने के लिए जरूरी थी। लेकिन इस निर्णय ने एक नया द्वंद्व भी पैदा कर दिया—सरकार ने अपनी आमदनी छोड़ी, कंपनियों को राहत दी, पर उपभोक्ता को तत्काल राहत क्यों नहीं मिली? यही वह बिंदु है जहां नीति की मंशा और उसके प्रभाव के बीच की दूरी साफ दिखाई देती है। दरअसल, ईंधन मूल्य निर्धारण की परतें इतनी जटिल हैं कि एक स्तर पर किया गया सुधार दूसरे स्तर पर जाकर निष्प्रभावी हो जाता है। अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, राज्यों द्वारा लगाए गए वैट, डीलर कमीशन और अन्य शुल्क—इन सबका संयुक्त प्रभाव यह रहा कि एक्साइज कटौती का लाभ सीधे उपभोक्ता तक नहीं पहुंच सका। नतीजा यह हुआ कि कीमतें बढ़ने से जरूर बचीं, लेकिन घट भी नहीं सकीं। आम आदमी के लिए यह गणित नहीं, बल्कि अनुभव है—जब जेब से उतना ही पैसा निकल रहा है।

# ट्रंप की हठधर्मिता से धराशाई हुई वैश्विक अमेरिकी प्रभुत्व

**तनवीर जाफरी**

**निःसंदेह** संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व के सर्वशक्तिशाली देशों में अपना सर्वोच्च स्थान रखता है। यही वजह है कि दुनिया के अधिकांश देश 'सर्वशक्तिमान अमेरिका' से अपने मधुर सम्बन्ध बनाये रखना ही बेहतर समझते हैं। अपने प्रभुत्व या दबदबे को कायम रखने के लिये अमेरिका भी अन्य देशों के बीच 'बांटो और राज करो' का खेल खेलता आ रहा है। इसी घिनौने खेल के तहत वह दुनिया के लगभग 57 इस्लामिक देशों में शिया सुन्नी मतभेद को हवा देता रहता है। और इसी प्रोपेगेंडा की आड़ में अमेरिका कई इस्लामिक देशों में सामरिक महत्व के अनेक अड्डे संचालित कर रहा है। विदेश संबंध परिषद के अनुसार अमेरिका इस क्षेत्र में कम से कम 19 देशों पर स्थायी और अस्थायी दोनों तरह के सैन्य ठिकानों का एक व्यापक नेटवर्क संचालित करता है। इनमें बहरीन, मिस्त्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित आठ स्थाई सैन्य अड्डे भी शामिल हैं। अधिकांश इस्लामिक देशों में सैन्य अड्डे संचालित करने के बदले अमेरिका को वहाँ की सरकारों से भारी धन भी मिलता है। उदाहरण के तौर पर सऊदी अरब जैसा इस्लामिक देश अमेरिका को अपने यहां तैनात अमेरिकी सैनिकों के खर्च को आंशिक तौर पर उठाने के बदले में लगभग 500 मिलियन डॉलर देता आ रहा है। अमेरिका और मेजबान देश आमतौर पर स्टेटस ऑफ फोर्सेज एग्रीमेंट और अन्य रक्षा समझौतों के तहत तय करते हैं कि कौन कितना खर्च उठाएगा। इन देशों को भी अमेरिकी संरक्षण, हथियारों की बिक्री, प्रशिक्षण, रक्षा गठबंधन और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ने के रूप में लाभ होता है, जिसके बदले वे अमेरिकी सैनिकों के खर्च या उपयोग के लिए कुछ न कुछ भुगतान या संसाधन देते हैं। अमेरिका दशकों से इसी नीति पर चलते हुये अनेक तेल उत्पादक इस्लामिक देशों से अपनी आवश्यकतानुसार तेल लेता है साथ ही इनकी सुरक्षा के नाम पर इन्हें हथियार भी बेचता है। कुल मिलकर इस प्रपंच के पीछे वह इन देशों को यही सन्देश देता आ रहा है कि -'अमेरिका ही तुम्हारा रक्षक है अन्यथा ईरान जैसा देश मध्य एशिया के खाड़ी देशों को निगल जायेगा'।

## न्यूज फ्लैश

### नहर में डूबा युवक, हवन की राख डालने गया था

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के बाम्बरेहड़ी गांव का एक 19 वर्षीय युवक नहर में डूब गया। युवक हवन सामग्री की राख डालने के लिए नहर पर गया था, तभी उसका पैर फिसल गया और वह पानी में बह गया। घटना के बाद परिजनों ने मौके पर पहुंचकर तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आज सुबह से ही एसडीआरएफ की टीमें नहर में सर्च अभियान चला रही हैं। अभी तक युवक का पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के अनुसार बाम्बरेहड़ी गांव निवासी मोक्ष बीती शाम गगसीना के पास नहर पर हवन सामग्री की राख डालने गया था। उसके ताऊ सुरेश ने बताया कि इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नहर में जा गिरा। हादसे के तुरंत बाद परिजन मौके पर पहुंचे और काफी देर तक तलाश करते रहे, लेकिन युवक का कहीं कोई सुराग नहीं मिला।

परिजनों ने बताया कि मोक्ष कंबल फैक्ट्री में काम करता था और पूरे घर का सहारा था। उसका छोटा भाई 12वीं कक्षा में पढ़ता है और हाल ही में बोर्ड की परीक्षाएं दी हैं। युवक के पिता रमेश अधरंग से पीड़ित हैं, जबकि कई साल पहले उसकी मां की बिजली का करंट लगने से मौत हो चुकी है। गांव के सरपंच अजय ने बताया कि इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना मिलते ही मुनक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। आज सुबह सेैक्त्थ की टीमों ने नहर में सर्च अभियान शुरू किया हुआ है, लेकिन देर शाम तक भी युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया। परिवार के लोग नहर किनारे बैठे हुए हैं और हर आने.जाने वाले से जानकारी ले रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने पर असंध के विधायक योगेंद्र राणा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिवार को सांत्वना दी और अधिकारियों को सर्च अभियान तेज करने के निर्देश दिए। थाना इंचार्ज बृजपाल का कहना है कि युवक के ताऊ सुरेश की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल एसडीआरएफ की टीमें नहर में युवक की तलाश कर रही हैं।

### ट्रक और कारों की टक्कर में पांच लोग हुए घायल



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बलड़ी बाईपास के पास ट्रक और दो कारों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा उस समय हुआ जब एक कार को सर्विस लेन में लाने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन वहां खड़े ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सामने चल रही कार को ड्राइवर ने सर्विस लेन में मोड? की कोशिश की। उसी दौरान वहां पहले से खड़े ट्रक से कार की सीधी टक्कर हो गई। तेज गति के कारण टक्कर कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में पीछे आ रही दूसरी कार भी इसकी चपेट में आ गई। हादसे में शामिल दोनों कारों में परिवार के लोग सवार थे। कार सवार धनंजय शर्मा ने बताया कि उनकी गाड़ी में उनकी मां और बेटी भी थीं। टक्कर के कारण दोनों को सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। अन्य घायलों को भी गंभीर चोटें लगी हैं। सभी को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। इसके बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को सडक से हटाकर हाईवे पर ट्रैफिक को दोबारा सुचारू कराया गया। जांच अधिकारी दर्शन सिंह ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हादसे में कितने लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि हाईवे पर चलते समय सावधानी बरतें। तेज रफ्तार से बचें, नशे में वाहन न चलाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करें, ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

# घरौंडा हलके की तरक्की में बसताड़ा का विशेष योगदान: हरविंद्र कल्याण

**शिलान्यास**

**साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाले सामुदायिक केंद्र का हरविन्द्र कल्याण ने किया शिलान्यास**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज घरौंडा हलका के गांव बसताड़ा में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाले सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास किया। इसमें पुस्तकालय भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हलके की तरक्की में बसताड़ा गांव का विशेष योगदान है, क्योंकि सरकारी कॉलेजए आईटीआई और एसएचजी के ट्रेनिंग सेंटर के लिए यहां की पंचायत ने जमीन उपलब्ध कराई है। इससे पूरे क्षेत्र के युवाओं को फायदा पहुंच रहा है।

बसताड़ा पहुंचने पर आज ग्रामीणों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। तीन एकड़ जमीन में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाले सामुदायिक केंद्र में 470 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। पंचायती राज विभाग की ओर से इसका निर्माण कार्य एक साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यहां पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है।

हरविंद्र कल्याण ने कहा कि इसी केंद्र में 30 गुणा 12 फुट आकार की लाइब्रेरी बनाई जाएगी। उन्होंने सुझाव दिया कि निर्माण पूरा होने के बाद सामुदायिक केंद्र का उपयोग व्यावसायिक रूप से किया जाए ताकि पंचायत को आमदनी हो सके। उन्होंने कहा कि उपली-हसनपुर के पास 100 एकड़ जमीन डियर पार्क बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री से मंजूरी मिल चुकी है। किसानों द्वारा जमीन उपलब्ध कराए जाने पर घरौंडा में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से नए सेक्टर विकसित किए जाएंगे। रिंग रोड व मेडिकल यूनिवर्सिटी चालू होने से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के सहयोग से इलाका प्रगति पर है। यह अच्छी बात है कि क्षेत्र में अमन-शांति का माहौल है। वातावरण अच्छा बनाए रखने का भाव हर व्यक्ति में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करना है।

## शिव चित्रगुप्त मंदिर, करनाल में सत्संग का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से आज शिव चित्रगुप्त मंदिर, करनाल में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में साध्वी यशोदा भारती जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सत्संग प्रवचन प्रदान किए तथा भजन गायन के माध्यम से गुरु महिमा का गुणगान किया।

सत्संग के दौरान साधकों को यह प्रेरणादायक संदेश दिया गया कि यदि साधक अपने सद्गुरु द्वारा बताए गए मार्ग पर अडिग विश्वास, संयम और निरंतर साधना के साथ चलता रहे तो वह जीवन की प्रत्येक कठिनाई को पार करते हुए अपनी मंजिल को अवश्य प्राप्त करता है।

इस पर एक भावपूर्ण भजन का विशेष रूप से गायन किया गया। भजन के शब्द हर पल तेरे साथ-साथ में रहता हूं, अरे डराने की क्या बात जो मैं बैठा हूं, साधकों के हृदय को गहराई से स्पर्श किया। आज इस भजन का भावपूर्ण गायन साध्वी मुमुक्षा भारती जी द्वारा किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। सत्संग के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने गुरु कृपा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा नियमित रूप से सत्संग एवं साधना से जुडने का संकल्प लिया।

### गांव में युवकों ने तोड़े सीसीटीवी कैमरे

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिले के गांव रसूलपुर में पंचायत द्वारा सुरक्षा के लिए लगाए गए कैमरों को तोड? और चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना 5 मार्च की रात करीब 10 बजे की है, जब कुछ युवक नशे की हालत में गांव के चौक और अन्य स्थानों पर लगे कैमरों के साथ तोडफोड़ करते हुए कुछ कैमरे अपने साथ ले गए। इस घटना से पंचायत की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है और गांव की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है। घटना के करीब 23 दिन बाद पंचायत ने मामले की शिकायत पुलिस को दी और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## करन कल्याणा ने नोदी पहलवान को, व मणी ने सुनील को किया चित

**कुश्ती-दंगल**

**मनसा देवी मंदिर टाटकी में लगने वाला मेला और कुश्ती-दंगल के साथ धूमधाम से संपन्न**



**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन, 29 मार्च (विजय कौशिक):** प्राचीन माता मनसा देवी मंदिर टाटकी में लगने वाला एक दिवसीय मेला और कुश्ती-दंगल आज धूमधाम से संपन्न हो गया। रेफरी की भूमिका क्षेत्र के जाने माने पहलवान श्यामसुन्दर यारा ने बखूबी निभाई। प्राचीन माता मनसा देवी मंदिर प्रबंधक कमेटी टाटकी ने गांव वालों व समाजसेवियों के सहयोग से सभी पहलवानों को नकद इनाम देकर सम्मानित किया। दंगल में दर्शकों ने भी सभी पहलवानों को नकद इनाम देकर उनका जोरदार उत्साह वर्धन भी किया। इस अवसर सरपंच प्रतिनिधि रणबीर सिंह, अनिल टाटकी, मनीष सैनी, केसर ङ्क्षसह, मांगे राम, मोहकम ङ्क्षसह नम्बरदार, बलकार ङ्क्षसह सैनी, शिव कुमार, रवि कुमार, फकीर चन्द, लाभ ङ्क्षसह, मांगे राम, सुनील कुमार, रामनाथ व पाला राम के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचीन माता मनसा देवी मंदिर टाटकी में लगने वाले दंगल का शुभारंभ सरपंच एसोसिएशन जिला कुरुक्षेत्र के प्रधान दुनी चन्द टाटका व अनिल टाटकी ने दो पहलवानों नागेन्द्र बाबा अयोध्या व अमन पहलवान उमरी का हाथ मिलाकर किया जिनकी कुश्ती बराबरी पर छुटी। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल टाटकी ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर आयोजित होने वाली दंगल प्रतियोगिताओं से ग्रामीण पहलवानों को अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाने का अच्छा मौका मिलता है।

कुश्तियों में पहलवानों द्वारा दिखाए जाने वाले करतबों से लोगों का भी खुब मनोरंजन हो जाता है। उन्होंने कहा कि 100 साल से भी ज्यादा समय से माता मनसी देवी के मेले पर टाटकी में लगने वाला यह दंगल क्षेत्र के लोगों के मंनोजरन का भी एक बड़ा साधन बन गया है।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिले में गांव नगला फार्म के पास रेत की खदान में ट्रैक्टर पलटने से एक ड्राइवर की मौत हो गई। रेत खींचने के काम के दौरान यह हादसा हुआ। ट्रैक्टर अचानक असंतुलित होकर पलट गया, जिससे ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार शेखपुरा पुलिया निवासी 35 वर्षीय जगदीश उर्फ जग्गी ट्रैक्टर ड्राइवर था और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। वह नगला फार्म के पास रेत की खान में ट्रैक्टर से रेत निकालने का काम कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर अचानक पलट गया और वह उसके नीचे दब गया। हादसे में उसकी गर्दन टूट गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत घायल जग्गी को करनाल के ट्रामा सेंटर पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## "खून की हर बूंद किसी की जिंदगी बचाती है": रक्तदान शिविर में मंत्री कृष्ण बेदी का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 29 मार्च राहुल**

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई महादान नहीं है। रक्तदाता द्वारा दी गई चंद कीमती बूंदें किसी भी दुर्घटना या गंभीर बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति के लिए जीवनदान साबित होती हैं।

कैबिनेट मंत्री रविवार को एसडी महिला कॉलेज में मायादेवी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर के समापन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर सामाजिक व्यक्ति, खासकर युवा पीढ़ी की मानवता के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है। युवाओं को रक्तदान, पौधारोपण और स्वच्छता अभियान जैसे कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

उन्होंने सामाजिक संगठनों और संस्थाओं से भी आह्वान किया कि वे ऐसे पुण्य कार्यों के प्रति आमजन को जागरूक करें और समय-समय पर जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करें। साथ ही, समाज में फैल रही कुरीतियों के खिलाफ युवाओं को जागरूक और संगठित करने में भी संस्थाओं की अहम भूमिका है।

इस अवसर पर मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने सैनिकों के सम्मान में आयोजित इस शिविर में रक्तदाताओं को मेडल पहनाकर और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को इस नेक कार्य के लिए बधाई भी दी।

कार्यक्रम में मायादेवी चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी राजेश गोयल, कर्नल रामपुरोहित, सुशील शास्त्री, मंत्री के निजी सहायक मनोज कुमार, जसबीर नैन और मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बदले मौसम से बढ़ी किसानों की चिंता, 31 मार्च और 1 अप्रैल को फिर बारिश के आसार



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 29 मार्च (कुलदीप सैनी)**

: रविवार को मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया। सुबह हुई हल्की बारिश और दिनभर छाए बादलों ने जहां ठंडक बढ़ाई, वहीं गेहूं उत्पादक किसानों की चिंता भी बढ़ा दी। मौसम में इस बदलाव से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पर खतरा मंडराने लगा है, खासकर उन किसानों के लिए जिनकी फसल पिछली बारिश में जमीन पर गिर चुकी है। कृषि विज्ञान केंद्र दामला के मौसम विशेषज्ञ डॉ. अजीत के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 31 मार्च और 1 अप्रैल को फिर से बारिश होने की संभावना है। ऐसे में उन्होंने किसानों को सतर्क रहने और एहतियात बरतने की सलाह दी है। उन्होंने किसानों को मक्का व सब्जी की फसलों पर स्प्रे करने से पहले मौसम साफ होने का इंतजार करने को कहा गया है। उधर किसान जयसिंह, मोहनलाल, विक्रम, दीपक, जसविंद्र, संदीप, दिनेश और प्रदीप ने बताया कि पिछली बारिश से गिरी गेहूं की फसल में ज्यादा नुकसान नहीं हुआ था, लेकिन अब दोबारा मौसम खराब होने से नुकसान की आशंका बढ़ गई है। जिन किसानों की फसल पककर तैयार है, उन्हें भी सबसे अधिक नुकसान का डर है, क्योंकि मौसम साफ रहने पर जल्द ही कटाई शुरू होनी थी। किसानों का कहना है कि लगातार बदलते मौसम ने उनकी मेहनत पर पानी फेरने का खतरा पैदा कर दिया है। यदि इसी तरह मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहा तो विशेषकर छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### फ्लोर मिल का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिले के कोहंड गांव में स्थित एक फ्लोर मिल से ताला तोडकर सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। मिल मालिक को कमरे का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर रखा सामान गायब मिला। चोर पंखे, फ्रिज, गैस सिलेंडर, चूल्हा और अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने बीती रात केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाबरपुर मंडी निवासी सुनील कुमार ने घरौंडा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी कोहंड गांव में फ्लोर मिल है।

## भाकियू ने की रिंग रोड सर्विस लेन बनाने की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कस्बा घरौंडा में भारतीय किसान यूनियन की ब्लॉक स्तरीय बैठक में किसानों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। बैठक में रिंग रोड पर सर्विस लेन, गेहूं खरीद में बायोमेट्रिक प्रणाली और मंडियों में सरसों की खरीद न होने जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर 21 सदस्यीय पंचायत कमेटी का गठन किया। यह कमेटी विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण से एक सप्ताह के भीतर मुलाकात करेगी। रतनमान ने कहा कि यदि कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो भाकियू विधानसभा अध्यक्ष के फार्म हाउस के सामने महापड़ाव करने से भी पीछे नहीं हटेगी।रतनमान ने बताया कि रिंग रोड पर सर्विस लेन को लेकर लंबे समय से संघर्ष जारी है। अधिकारियों ने पहले आश्वासन दिया था कि सर्विस लेन बनाई जाएगी, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि 52 दिनों से धरना चल रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बैठक में गेहूं खरीद के दौरान लागू की गई बायोमेट्रिक प्रणाली का भी विरोध किया गया। रतनमान ने कहा कि यह प्रणाली किसानों को परेशान करने वाली है और किसान हित में नहीं है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि एक तरफ किसानों को राहत देने की बात कही जा रही है, वहीं दूसरी ओर नई-नई शर्तें लागू कर उन्हें मुश्किल में डाला जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 28 मार्च से सरसों की खरीद शुरू होनी थी, लेकिन अभी तक खरीद नहीं हो रही। इससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि किसानों की समस्याएं शासन और प्रशासन को क्यों दिखाई नहीं दे रही हैं।

## नए भवन की स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय सत्संग प्रवचन का आयोजन

**सत्संग**

**श्री संतोषी माता जी ने कहा की अज्ञान वश और ना समझी से जीवन में क्लेश होता है**




**समालखा (संजय नरवाल)** श्री रघुनाथ मंदिर सभा के अध्यक्ष प्रद्युमन गुल्यानी और उत्सव कमेटी के अध्यक्ष कुलभूषण अरोड़ा ने बताया कि तीन दिवसीय सत्संग प्रवचन हेतु हरिद्वार वाले श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री संतोषी माता जी के मुखारविंद से सत्संग प्रवचन हो रहा है।श्री संतोषी माता जी ने सत्संग में प्रवचन करते हुए कहा की अज्ञान वश और ना समझी से जीवन में क्लेश होता है, परिवार में ऐसी घटनाएं होती हैं त्रेता युग द्वापर युग और आज कलयुग में भी यह परिस्थितियों आ रही है,

सभी युगों में यह परिस्थितियों आई थी।

महाभारत का युद्ध भी इसी की देन है उन्होंने आगे बताते हुए कहा कि अर्पण में समर्पण होना चाहिए, ईमानदारी के साथ समर्पण होना चाहिए।

खाली अर्पण करने से कुछ नहीं होगा पूर्ण समर्पण भी चाहिए, अर्जुन ने भगवान श्री कृष्ण को अपने आप को अर्पण किया था लेकिन फिर भी यह कहा कि मेरा परिवार सामने है मैं युद्ध नहीं लड़ूंगा इससे भगवान श्री कृष्ण को समझ आ गई की अर्जुन ने अपने आप को अर्पण तो किया है लेकिन पूर्ण रूप से समर्पण नहीं किया है तब उन्होंने गीता उपदेश दिया उसके उपरांत अर्जुन ने अपने आप को कृष्ण भगवान को अर्पण कर दिया साथ में ईमानदारी के साथ पूर्ण समर्पण भी किया, इसके उपरांत ही महाभारत युद्ध में अर्जुन को विजयी मिली।

रघुनाथ मंदिर सभा के अध्यक्ष प्रदुमन ने बताया कि 30 मार्च सोमवार को सभी नई मूर्तियां के दानदाता मूर्तियों के साथ प्रातः 8:00 बजे पूजा अर्चना करेंगे इस अवसर पर डॉक्टर नरेश गुलाटी, सुधीर गुप्ता, विकास साहू, नारायण दास, हरकेश वाधवा, राजीव पटेला ,विनोद मल्होत्रा, श्याम पटेला,मंगतराम अरोड़ा, अशोक मेहंदी रत्ता, पवन गर्ग, राजेंद्र टंडन और कुलभूषण अरोड़ा आदि उपस्थित थे।

## किसान विरोधी है केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार: लाली शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** यदि किसान कमजोर हो जाते हैं, तो देश आत्मनिर्भरता खो देता है। परंतु अगर किसान मजबूत हैं, तो देश की स्वतंत्रता भी मजबूत हो जाती है। उक्त ब्यान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाली शर्मा ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए दिया।

उन्होंने कहा कि किसान देश की रीड की हड्डी है, अगर किसान मेहनत करता है, तो ही अनाज उगता है और पूरा हिंदुस्तान रोटी खाता है। उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है और भाजपा सरकार ने डीजल, पेट्रोल व गैस के रेट बढ़ाकर यह साबित भी कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा ने सत्ता संभाली है, तब से हर घर की रोजी-रोटी छिन गई है नतीजतन पहले नोटबंदी की, फिर जनता को कोरोना जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ा, जिससे बहुत सी मौतें भी हुई और सरकार हाथ पर हाथ रखकर तमाशा देखती रही। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में कोई भी वर्ग खुश नजर नहीं आ रहा है क्योंकि जहां युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, वहीं किसानों को उनकी फसलों के सही दाम नहीं मिल रहे। व्यापारियों के व्यापार ठप हो गए, जिसके चलते अब आम जनता कांग्रेस राज को याद कर रही है क्योंकि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है, जो हमेशा 36 बिरादरियों को साथ लेकर चलती थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए किसानों का 1600 करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया

## विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सुना पीएम के मन की बात

### बोले-मिलती है प्रेरणादायक जानकारी



**प्रेरणादायक**

लोगों से अपील की कि वे हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को अवश्य सुनें

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज बाली नगर घरौंडा के बूथ नंबर 166 पर नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 132वें एपिसोड को सुना। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को अवश्य सुनें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के तहत देश व समाज हित में हो रहे कार्यों की जानकारी देते हैं, जिनसे जीवन में आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को इस कार्यक्रम को सुनने के लिए समय निकालना चाहिए। इससे विभिन्न क्षेत्रों में मेहनत, जोश, जज्बे के साथ तरक्की कर रहे लोगों के बारे में पता चलता है।

घरौंडा के बूथ नंबर 166 पर मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में लोग 11 बजने से पहले ही वहां पहुंच गए थे। उनके अनुसार आज 132वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जहां वैश्विक स्तर पर चिंता जताई, वहीं खाड़ी देशों में भारतीयों की मदद के लिए आभार जताया। नरेंद्र मोदी ने अफवाहों से बचने, केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करने की अपील की। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का जिक्र करते हुए बताया कि यूपी के वाराणसी में एक घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाकर लोगों ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया है। प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के भी कई उदाहरण प्रस्तुत किए। साथ ही फिटनेस व स्वास्थ्य पर ध्यान रखने का आग्रह करते हुए शुगर व तेल की मात्रा पर नियंत्रण रखने की अपील की।

पत्रकारों द्वारा एलपीजी संकट संबंधी एक सवाल पर कहा कि वैश्विक संकट के समय सभी संसाधनों का उचित प्रबंधन जरूरी है। ऐसे समय में जहां प्रशासन को सभी व्यवस्थाएं आगे बढ़ानी चाहिए, वहीं समाज को भी किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलानी चाहिए। जरूरत से ज्यादा चीजों का भंडारण करने से भी बचना चाहिए। सरकार द्वारा की गई व्यवस्था का पालन करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही कह चुके हैं कि देश में एलपीजी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

मन की बात कार्यक्रम के बाद कल्याण ने घरौंडा में एक कैफे का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजकुमार पालीवाल, मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, पुरूषोतम सेठी, सीमा शर्मा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### एसपी के नेतृत्व में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि भर चला नाइट डोमिनेशन अभियान

**सिरसा (शुभम खटक)**
पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निदेर्शानुसार एवं पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के नेतृत्व में सिरसा पुलिस द्वारा शनिवार रात्रि को जिला भर में व्यापक स्तर पर नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा।अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने नाकों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिले के भीतर तथा बाहरी क्षेत्रों से आने-जाने वाले सभी वाहनों एवं व्यक्तियों की गहनता से जांच की जाए। साथ ही, संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले की सीमाओं से लगे पंजाब एवं राजस्थान राज्यों की सीमाओं पर स्थापित नाकों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। इन सीमावर्ती क्षेत्रों में आवागमन करने वाले वाहनों की सघन चेकिंग सुनिश्चित की गई, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने पुलिस बल को निर्देश दिया कि वे पूरी मुस्तैदी एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।इस नाइट डोमिनेशन अभियान में जिला के सभी डीएसपी, एसएचओ, चौकी प्रभारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर वाहनों की जांच की गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

### इंडसइंड बैंक ने शुरू की कैपिटल गेन अकाउंट स्कीम

**गुरुग्राम।** इंडसइंड बैंक ने आज कैपिटल गेन अकाउंट स्कीम (सीजीएएस) की शुरूआत की। इस योजना के तहत ग्राहक अपने दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ को पुनर्निवेश तक सुरक्षित रूप से जमा कर सकते हैं और आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार कर छूट का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना अप्रयुक्त पूंजीगत लाभ को सुरक्षित और नियामकीय रूप से रखने की सुविधा प्रदान करती है, जिससे ग्राहक निर्धारित वैधानिक समय-सीमा के भीतर सोच-समझकर पुनर्निवेश का निर्णय ले सकते हैं।
इस लॉन्च से पहले केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इंडसइंड बैंक को कैपिटल गेन अकाउंट स्कीम, 1988 के तहत जमा स्वीकार करने की अनुमति प्रदान की थी।
इस योजना के अंतर्गत बैंक उन अप्रयुक्त राशि को जमा के रूप में स्वीकार करेगा, जो पात्र पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त होती है। इनमें आवासीय संपत्तियां, फ्लैट, फार्महाउस, कृषि भूमि, शहरी भूमि और विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) की भूमि शामिल हैं।
इंडसइंड बैंक सीजीएएस के तहत दो प्रकार के खाते प्रदान करता हैः
टाइप ए - सेविंग्स अकाउंटः इसमें फ्लेक्सिबल जमा और निकासी की सुविधा है, कोई न्यूनतम शेष राशि नहीं है और बचत खाते के अनुसार ब्याज मिलता है।
टाइप बी झ्र टर्म डिपॉजिट अकाउंटः इसमें न्यूनतम 10,000 रुपए की जमा के साथ निश्चित अवधि के लिए निवेश किया जा सकता है, जिसमें पुनर्निवेश समय-सीमा के अनुसार अधिक रिटर्न मिलता है।

## 18 ग्राम 135 मिलीग्राम हेरोइन बरामद, दो युवक काबू

**सिरसा (शुभम-खटक)**
पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निर्देशानुसार सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की सीआईए सिरसा व एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने गश्त के दौरान अलग-अलग जगहों से दो युवकों को हजारों रुपए की 18 ग्राम 135 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम नहर पुल रोड़ी की तरफ जा रही थी । इस दौरान बाइक सवार युवक सामने से आता हुआ दिखाई दिया । उक्त बाइक सवार युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार आरोपी युवक गुरप्रीत उर्फ.बॉबी पुत्र जगदीश निवासी गांव नागौकी जिला सिरसा को काबू कर नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्ज से 11 ग्राम 84 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई । उन्होंने बताया की वहीं एक अन्य घटना में एंटी नारकोटिक्स सेल की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव धिंगतानिया के पास मौजूद थी ।



इसी दौरान गांव धिगतानिया की तरफ एक नौजवान युवक पैदल आता हुआ दिखाई दिया । उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुड़कर भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने शक के आधार पर आरोपी युवक पवन कुमार उर्फ भारत पुत्र रोहताश निवासी गांव धिगतानिया को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से 6 ग्राम 51 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई । सेल प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर जांच संबंधित थानों को सौंपी गई है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

## साप्ताहिक सत्संग एवं पावन यज्ञ का आयोजन भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । रविवार को वेदप्रचार मंडल के जिला अध्यक्ष डॉ प्रेमराज आर्य एवं आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में आर्य समाज महेंद्रगढ़ की यज्ञशाला में साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग का श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान आर्य समाज के प्रधान पंडित भूपेंद्र सिंह आर्य सहधर्मिणि राजेश आर्या रहे। जिन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि में आहुतियां प्रदान कर विश्व शांति और जन-कल्याण की कामना की।यज्ञ ब्रह्मा के आसन्न पर वीर सिंह मेघनवास रहे।
इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में भारी संख्या मे आर्य जनों ने सहभागी बन कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यज्ञ के उपरांत आर्य समाज के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए मन्त्री डॉ विक्रांत डागर जी ने कहा कि यज्ञ न केवल वातावरण को शुद्ध करता है, बल्कि मनुष्य के विचारों में भी पवित्रता का संचार करता है।

सभी ने सामूहिक रूप से भजनों और प्रार्थनाओं के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## 5 दिनों बाद भी लड़की परिजनों को ना मिलने के रोष स्वरूप लोगों का फूटा गुस्सा

**नितिन सिंगला जगाधरी**
व्यासपुर रणजीतपुर क्षेत्र में एक लड़की के पिछले 5 दिनों से लापता होने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज लोगों का गुस्सा रविवार को सडकों पर फूट पड़ा। पहले रणजीतपुर और बाद दोपहर व्यासपुर के शिव चौक पर हजारों की संख्या में लोगों ने जाम लगाकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार रणजीतपुर क्षेत्र के गांव पीपली वाला की एक लडकी को रणजीतपुर के ही दूसरे समुदाय के एक युवक द्वारा घर से भगाकर ले जाने का आरोप है। घटना के बाद से परिजन लगातार पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। 26 मार्च को ग्रामीणों ने रणजीतपुर पुलिस चौकी में पहुंचकर अपना रोष जताया था। उस दौरान पुलिस ने आश्वासन दिया था कि 27 मार्च को दोपहर 12 बजे तक लडकी को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। लेकिन तय समय तक लडकी का कोई



सुराग नहीं मिलने पर लोगों का आक्रोश बढ़ गया। 27 मार्च को ही ग्रामीणों ने रणजीतपुर-व्यासपुर सडक पर रानीपुर के पास जाम लगा दिया। उस समय मौके पर पहुंचे डी.एस.पी हरविंदर सिंह ने लोगों को समझाने का प्रयास किया और एक दिन का अतिरिक्त समय मांगा, जिसके बाद लोगों ने जाम खोल दिया था। इसके बावजूद जब अगले दिन भी लडकी का कोई पता नहीं चला, तो मामला और ज्यादा गंभीर हो गया। रविवार को परिजनों और क्षेत्र के हजारों लोगों ने रणजीतपुर अनाज मंडी में एक महापंचायत का आयोजन किया। महापंचायत में पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और आरोप लगाया गया कि पुलिस उन्हें लगातार गुमराह कर रही है। महापंचायत के दौरान पुलिस अधिकारियों ने दोपहर 3 बजे तक का समय और मांगा, लेकिन जब 3 बजे तक भी लडकी के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई, तो लोगों का धैर्य जवाब दे गया। गुस्साए लोगों ने रणजीतपुर में मुख्य सडक को जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। इसके बाद भी जब लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ, तो प्रदर्शनकारियों ने शाम करीब 4 बजे व्यासपुर के शिव चौक पर पहुंचकर एक और बड़ा जाम लगा दिया। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे डी.एस.पी रजत गुलिया ने भी लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे।

## अत्योदय के उत्थान के लिए निरन्तर कार्यरत हैं, भाजपा कार्यकर्ताः प्रमोद

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** भाजपा द्वारा प्रदेश भर मे चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान तहत पानीपत शहरी विधानसभा के भाजपा के चार मंडलों में प्रशिक्षण महा अभियान का आयोजन रविवार को किया गया। पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने कार्यकताओं को प्रशिक्षण शिविर में जीत का मंत्र देते हुए कहा कि अंत्योदय के उत्थान अर्थात अंतिम पंक्ति में खड़े वर्ग के उत्थान के लिए



भाजपा सरकार एवं भाजपा कार्यकर्ता निरन्तर धरातल पर कार्यरत हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि प्रदेश सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कार्यकर्ता नागरिकों को अवगत कराये, जिससे हर जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ मिल सके। जिन

**मार्गदर्शन**

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कार्यकर्ता नागरिकों को अवगत कराये

मंडलों की कार्यशाला का आयोजन किया गया, उसमें पानीपत शहरी विधानसभा के माडल टाउन मंडल, कृष्ण पुरा मंडल, उत्तरी शहरी व उत्तरी दक्षिणी मंडल शामिल है। विधायक प्रमोद विज ने कार्यकताओं के साथ भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से हमेशा राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा मिलती है। प्रशिक्षण महा अभियान में मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, चेतन तनेजा, सचिन सिंगला, हिमांशु कटारिया एवं सभी मंडलों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तीर्थ दर्शन योजनाः करनाल से अयोध्या के लिए रवाना हुए 209 तीर्थयात्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत करनाल से अयोध्या के लिए रवाना हुए 209 तीर्थयात्री और हरियाणा के कुल सात जिलों से 800 ज्यादा यात्री अयोध्या दर्शन के लिए पहुंचे हैं। जत्था सकुशल पावन नगरी अयोध्या पहुँचा। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुँचने पर इन सभी श्रद्धालुओं का जिस उत्साह और आत्मीयता से स्वागत हुआ। रेलवे स्टेशन पर पहुँचते ही स्थानीय प्रशासन और आयोजन समिति द्वारा तीर्थयात्रियों का



स्वागत ढोल-नगाड़ों, पारंपरिक नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ किया गया। स्वागत समारोह के दौरान श्रद्धालु स्वयं को रोक नहीं पाए और भक्ति गीतों पर जमकर थिरके। स्टेशन का पूरा वातावरण जय श्री राम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। भव्य स्वागत के उपरांत, सभी तीर्थयात्रियों को निर्धारित होटलों में ले जाया गया। इसके उपरांत सभी तीर्थ यात्रियों ने सरयू नदी की पूजा अर्चना की और कल सभी तीर्थ यात्री राम लला के दर्शन करेगें, जहाँ उनके ठहरने और भोजन की समुचित व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है।

## रेवाड़ीः ट्रक ने युवक को कुचला, चालक मौके से फरार

**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा क्षेत्र में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया।
पुलिस के अनुसार, द्वारकाधीश मंदिर के पास एक युवक सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान 75 फुटा रोड पर तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और मौके पर ही बुरी तरह कुचल दिया। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को संभाला और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## हकेवि में मूट कोर्ट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की विधि पीठ द्वारा प्रथम राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम के निदेशक प्रो. आनंद शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला न्यायालय नारनौल के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री राकेश मेहता उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम की शुरूआत में विधि पीठ के अधिष्ठाता एवं



विभागाध्यक्ष प्रो. प्रदीप सिंह ने देशभर से आए 20 प्रतिभागी दलों का स्वागत करते हुए इसे विधि शिक्षा की विविधता का सशक्त मंच बताया। उन्होंने मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं को विद्यार्थियों की प्रयोगशाला बताते हुए प्रतिभागियों को प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विभाग की स्थापना के लिए संस्थापक कुलपति के दूरदर्शी नेतृत्व तथा वर्तमान कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। आयोजन में मुख्य अतिथि प्रो. आनंद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं

**प्रेरित किया**

प्रतिभागियों को प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया

युवा विधि विद्यार्थियों को वकालत की बारीकियों को समझने और अपनी अधिवक्ता क्षमता को निखारने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने जस्टिस और न्याय की भारतीय अवधारणा का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को समाज के वंचित वर्गों तक न्याय पहुंचाने हेतु समर्पित रहने का आह्वान किया।

## आईपीएल की तर्ज पर शुरू हुई यह मेवात क्रिकेट लीग

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**
राजस्थान और हरियाणा के मेवात क्षेत्र में पहली बार क्रिकेट का बड़ा मंच तैयार हुआ है। मेवात क्रिकेट लीग के जरिए जहां छुपी हुई प्रतिभाओं को मौका मिल रहा है, वहीं युवाओं को नशे से दूर रखने की एक मजबूत पहल भी सामने आई है। इस लीग में करीब एक करोड़ रुपये तक की राशि खर्च की जा रही है, जो इसे खास बनाती है। ईद के बाद शुरू हुई इस मेवात क्रिकेट लीग में कुल 8 विधानसभा क्षेत्रों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट में लाखों रुपये के इनाम रखे गए हैं, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह और भी बढ़ गया है। मैदान पर हर दिन



रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं और बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी पहुंचकर मैच का आनंद ले रहे हैं।
आज के मुकाबले में फीरोजपुर झिरका टीम के खिलाड़ी सोहेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लीग का पहला शतक जड़ दिया। उनका यह शतक इस टूर्नामेंट की पहली बड़ी उपलब्धि बन गया है, जिसने पूरे क्षेत्र में चर्चा बटोर ली है।
खिलाड़ियों का कहना है कि अब मेवात में समय बदल रहा है। पहले जहां सुविधाओं की कमी थी, वहीं अब बेहतर क्रिकेट ग्राउंड, कोचिंग और संसाधन मिलने लगे हैं। याहया इब्राहिम जैसे लोग आगे आकर युवाओं को मंच देने का काम कर रहे हैं, जिससे नए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है। इस लीग के सभी मैच मेवात की धरती पर ही खेले जा रहे हैं, जिसे बड़कली क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है। खास बात यह है कि मैचों का सीधा प्रसारण फेसबुक और यूट्यूब पर किया जा रहा है, जिससे दूर बैठे लोग भी इस लीग से जुड़े हुए हैं।
रणजी स्तर के खिलाड़ी भी इस लीग का हिस्सा हैं। पांडिचेरी की ओर से खेलने वाले नूंह जिले के नदीम अजमत भी इस टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे स्थानीय खिलाड़ियों को सीखने और आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। आयोजक याहया इब्राहिम इस लीग पर करीब एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रहे हैं। क्षेत्र के लोग इस पहल की जमकर सराहना कर रहे हैं और मानते हैं कि इससे मेवात के युवाओं को नई दिशा मिलेगी।
कुल मिलाकर आईपीएल की तर्ज पर शुरू हुई यह मेवात क्रिकेट लीग अब युवाओं के सपनों को उड़ान देने का मंच बन चुकी है। उम्मीद की जा रही है कि यहां से निकलने वाले खिलाड़ी भविष्य में रणजी और भारतीय टीम तक पहुंचकर मेवात का नाम रोशन करेंगे।

## प्रदीप बंसल को वर्ष 2026-28 के लिए चुना गया प्रमुख श्री सेवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आज सेक्टर-8 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में श्री श्याम परिवार की कार्यकारिणी एवं सह.कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रमुख श्री श्याम सेवक पंकज गोयल द्वारा की गई। बैठक में आगामी 12 अप्रैल को आयोजित होने वाले 19वें श्री बालाजी एवं श्री श्याम वंदना महोत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने हेतु विभिन्न जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गईं।
बैठक में सर्वसम्मति से एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्रदीप



बंसल को वर्ष 2026-28 के लिए प्रमुख श्री सेवक के पद पर चुना गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की आशा व्यक्त की। बैठक में सभी सदस्यों ने एकजुट होकर महोत्सव को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व प्रधान सुनील गुप्ता, महासचिव पुनीत मित्तल, कोषाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, पंकज गर्ग, सुशील गर्ग, जगमोहन गुप्ता, गोविंद गुप्ता, तरुण गुप्ता, नवदीप मित्तल, राकेश गुप्ता, हरि प्रकाश गुप्ता, विकास बंसल, विवेक गुप्ता, नरसिंह गोयल, अजय सैनी, पंकिल गोयल, मनीष तनेजा, आशीष गुप्ता, बलबीर लाठर, डॉ एसके गोयल, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, सचिन गर्ग, संजीव बंसल, विकास गर्ग, विवेक अग्रवाल, जय प्रकाश गोयल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# चिरस्मी में 50 लाख के विकास कार्यों का विधायक कादियान ने किया शिलान्यास

परियोजना

**- लाइब्रेरी बनने पर कोचिंग के लिए शहर जाने की मजबूरी होगी खत्म: कादियान**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ( अशोक कुमार )** । गांव चिरस्मी में अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए गांव में आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण करीब 25.41 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।
रविवार को गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़कर इस परियोजना की आधारशिला रखी। इस दौरान गांव में दो अन्य विकास कार्यों की भी शुरूआत की। सुरेश से करनैल तक 14.84 लाख रुपए और अमरजीत से उमेद के खेत तक जाने वाले रास्ते को भी करीब 9.97 लाख रुपए की लागत से पक्का किया जाएगा। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच और ग्रामीणों ने विधायक कादियान का फूलमाला व पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। विधायक कादियान ने कहा कि उनकी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि खेतों के रास्ता पक्का होने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।
उन्होंने दावा किया कि सरकार के सहयोग से हर गांव तक विकास पहुंचाना लक्ष्य है और इसी दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। इस अवसर पर पंचायतीराज एसडीओ सचिन कुमार, एबीपीओ राजेश कुमार, सरपंच जसबीर, धर्मबीर नंबरदार, लहणा, प्रेम, मंजीत, सुनील, प्रवीन, मनोज, नवीन, महेंद्र छिक्कारा, उमेद छिक्कारा, पालेराम, सतीश आदि मौजूद रहे।

# वार्ड एक में 13 लाख की लागत से दो गलियों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ( अशोक कुमार )।** गांधी नगर के वार्ड नंबर 1 में रविवार को विकास कार्यों को गति देते हुए नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने 13 लाख रुपये की लागत से बनने वाली दो गलियों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया।
नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि गांधी नगर वार्ड नंबर 1 में लंबे समय से गलियों के निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। इससे आवागमन में सुविधा मिलेगी और जलभराव जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी।
पार्षद सचिन कोच ने विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इससे शहर की आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी। उनके



वार्ड के लोग लंबे समय से इन गलियों के निर्माण की प्रतीक्षा कर रही थी। अब कार्य शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।
उन्होंने नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से वार्ड में विकास कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी खुशी जताते हुए कहा कि गलियों के निर्माण से उनकी दैनिक समस्याएं दूर होंगी। विशेषकर बरसात के दिनों में होने वाली दिक्कतों से राहत मिलने की उम्मीद है।
इस मौके पर पार्षद सचिन कोच, पार्षद हरविंदर त्यागी, पार्षद विकास शर्मा, पार्षद अंकित त्यागी, पार्षद शमशेर सैनी, पार्षद नरेश वर्मा तथा पार्षद गौरव जैन मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलकर अपना जीवन सफल बनाना चाहिए।

**लाडवा , 29 मार्च (विजय कौशिक)**



आज रविवार को संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी महाराज का 18 वें मासिक सत्संग का आयोजन श्री गुरु रविदास गुरूघर, इंद्री रोड़, लाडवा ( कुरुक्षेत्र) में किया गया।
सत्संग में मुख्य प्रचारक के रूप में रोशन लाल ने सतगुरु रविदास जी महाराज की आरती से सत्संग का शुभारंभ किया गया एवं उनकी सत्संग मंडली के सदस्य प्रवीण कुमार, रवि कुमार, रामकुमार,राहुल कुमार द्वारा गुरु महाराज जी की वाणी का बखान किया गया और बताया कि हमें संत महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलकर अपना जीवन सफल बनाएं।
सत्संग के समापन पर श्री गुरु रविदास सभा लाडवा के प्रधान सूबे चंद कटारिया, सचिव प्रवीण बौद्ध, सहसचिव कर्मबीर, कोषाध्यक्ष रविंदर कुमार , राजेश , राजू , ईमना कुमार कटारिया , प्रीतपाल आदि सदस्यों ने प्रचार मंडली को सम्मानित किया और महात्मा ज्योतिबा फुले के 199 वें जन्मोत्सव व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के 135 वें जन्मोत्सव पर आने वाली 11अप्रैल 2026 को वार्ड नंबर 8, डॉ अम्बेडकर नगर लाडवा से दोपहर 2 बजे शोभायात्रा का शुभारंभ किया जाएगा और रात्रि 9बजे से रात्रि 2बजे तक " एक शाम महापुरुषों के नाम" कार्यक्रम का आयोजन श्री गुरु रविदास मंदिर, नजदीक हिनौरी चौक,लाडवा पर डॉ बी.आर. अम्बेडकर सेवा संस्था ( रजि.) लाडवा किया जाएगा। जिसे सफल बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की गई।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल, कला, संस्कृति और नैतिक शिक्षा की जरूरत

**नरवाना 29 मार्च राहुल**



हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि ग्रामीण विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। ग्रामीण अंचल मे शिक्षण संस्थान शिक्षा का प्रसार और विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार और चरित्र निर्माण को निरन्तर मजबूत कर रहे है। संस्कार युक्त तालिम से विद्यार्थियों को जीवन में वांछित मुकाम को हासिल करने के साथ-साथ मातृभूमि के प्रति प्रेम एवं राष्ट्रीयता की भावनात्मक शक्ति मिलती है। ग्रामीण विद्यालय आज राष्ट्र निर्माण की सशक्त नींव बनकर उभर रहे हैं।
कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को नरवाना- पटियाला रोड़ स्थित पैरामाउंट इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल, कला, संस्कृति और नैतिक शिक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। प्रदेश व केंद्र सरकार भारतीय संस्कृति, भारतीय विचारधारा और राष्ट्र प्रेम को लेकर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चला रही है। हमारी संस्कृति संत महापुरूषों की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है ताकि युवा पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ी रहे।
कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान देश के विद्यार्थियों का आह्वान किया कि विद्यार्थियों को परीक्षा को लेकर भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है।
परीक्षा को उत्सव की तरह लेकर चलें। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में आगे बढ़ने का सबसे सशक्त माध्यम है। विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करें, सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक में पेंशनर्स के मुद्दों पर चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ( अशोक कुमार ) ।**
रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वावधान में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर्स फेडरेशन के अंतर्गत ब्लॉक गन्नौर की मासिक बैठक रविवार को जाट धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य मास्टर बलबीर सिंह ने की।
बैठक में ब्लॉक प्रधान सुभाष चन्द्र ने विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारियों का चयन किया गया, जो पेंशनर्स के हितों के लिए कार्य करेंगे। सुभाष चन्द्र ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश की जानकारी देते हुए बताया कि अब सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी निजी अस्पतालों में भी इलाज करवा सकते हैं, चाहे वह अस्पताल



पैनल में शामिल हो या नहीं। इस फैसले का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि इससे पेंशनर्स को बड़ी राहत मिलेगी। राजेन्द्र सिंह मलिक ने हरियाणा सरकार के एलटीसी से संबंधित फैसले की आलोचना की।
बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया और उन्हें जल्द से जल्द सरकार के समक्ष उठाने का निर्णय लिया गया।इस अवसर पर श्यामलाल शास्त्री, सतवीर सिंह कादयान, अशोक राठी, खेम सिंह, बलबीर दहिया, आरके शर्मा, रामनिवास, सुलेख चंद पांचाल (ब्लॉक महासचिव), रामकरण आदि उपस्थित रहे।

# 46 साल पुराना विवाद खत्म: मंत्री कृष्ण बेदी की मौजूदगी में भाणा ब्राह्मणा में हुआ समझौता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 29 मार्च राहुल**
हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने गांव भाणा ब्राह्मणा में ग्रामीणों और ग्राम पंचायत के बीच पिछले करीब 46 वर्षों से चले आ रहे पंचायती जमीन विवाद को सुलझा दिया। मंत्री ने स्वयं मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के साथ संवाद स्थापित किया और आपसी सहमति से समाधान कराया।
इस अवसर पर नरवाना के एसडीएम जगदीश चन्द्र, डीएसपी कमलदीप राणा और बीडीपीओ तरुण सुथार भी उपस्थित रहे। गांव पहुंचने पर मंत्री ने स्थानीय कम्युनिटी सेंटर में ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ खुलकर चर्चा की, जिसके बाद सौहार्दपूर्ण माहौल में विवाद का निपटारा संभव हो सका।
समाधान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए ग्राम सभा के 11 सदस्यों की एक कमेटी गठित की गई, जिसमें प्रशासन की ओर से एडीसी, एसडीएम नरवाना और बीडीपीओ के साथ गांव के सरपंच को भी शामिल किया गया है। यह 15 सदस्यीय कमेटी भविष्य में इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं पर समन्वय बनाकर काम करेगी।

# प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और गैस की कोई कमी नहीं: मंत्री कृष्ण बेदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 29 मार्च राहुल**
हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पर्याप्त भंडारण की व्यवस्था कर रखी है और आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।
रविवार को नरवाना के हरिनगर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री बेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम का 132वां एपिसोड स्थानीय लोगों के साथ सुना। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अफवाहों से बचना जरूरी है, क्योंकि गलत जानकारी से लोगों में भय और भ्रम पैदा होता है। उन्होंने अपील की कि लोग केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।
मंत्री बेदी ने बताया कि तेल कंपनियों के साथ समन्वय बनाकर यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी क्षेत्र में पेट्रोलियम उत्पादों की कमी न हो। उन्होंने कहा कि सरकार हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देशवासियों को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है

# संविधान जागरूकता में योगदान पर रामदास कुराड़ सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ( अशोक कुमार )** । डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रोहतक के आईटीआई ग्राउंड में आयोजित संविधान यात्रा के दौरान गन्नौर के कुराड गांव के रामदास कुराड़ को संविधान जागरूकता में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम ऑस्ट्रेलिया निवासी दीप चंडालिया द्वारा चलाई जा रही ह्यघर-घर संविधानह्न मुहिम के तहत हुआ। संविधान यात्रा का आयोजन रोहतक के रॉकी मायना ने किया, इस दौरान रामदास कुराड़ अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में पहुंचे, जहां रॉकी मायना ने उन्हें




संविधान जागरूकता में योगदान के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में अशोक चौहान, संजय शाहपुर तगा, रवि बिड़ला आदि ने रामदास कुराड द्वारा किए कार्य की सराहना की। और संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# स्पोर्ट्स स्कूल राई में प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

**गन्नौर ( अशोक कुमार ) ।**
मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय, राई में कक्षा 5, 6, 8, 9 एवं 11 के लिए लिखित प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रशासन की ओर से इस बार चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए विशेष कदम उठाए गए। कुलपति अशोक कुमार तथा प्रधानाचार्य रामधारी शर्मा के निदेर्शानुसार पहली बार प्रश्न पत्र भिवानी बोर्ड से तैयार करवाए गए। प्रश्न पत्रों की कोडिंग भी बेहद सावधानीपूर्वक कराई गई । कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना ही नहीं, बल्कि पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाना भी संस्थान की प्राथमिकता है।

# सुगनी देवी स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने किया

कार्यक्रम

**प्रधानाचार्या ने बताया कि स्कूल में फन फिल्ड फैमिली डे कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया**



**लाड़वा 29 मार्च (विजय कौशिक)** : लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने बताया कि स्कूल में फन फिल्ड फैमिली डे कार्यक्रम बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए , जिसमें उन्होंने अपनी कला और प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया । बच्चों ने नृत्य, संगीत और कविता जैसे रंगारंग आयोजनों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । कक्षा नर्सरी , एलड्डकेड्डजी और यूड्डकेड्डजीड्ड के बच्चों द्वारा पंजाबी गिद्दा प्रस्तुत किया गया। नन्हे कदमों की कदम ताल सब के मन को बहुत भाई। इसके बाद बाहर से आए बच्चों की प्रतिभा को उभारने के लिए कुछ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जैसे फैंसी ड्रेस , सोलो डांस, कविता गायन , कलरिंग और फन गेम्स आदि । इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की खूब सराहना की और स्कूल प्रबंधन को कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी स्कूल के समस्त स्टाफ ने आए हुए अतिथियों का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया जिससे उत्सव का माहौल और भी उत्साह पूर्ण हो गया। अंत में प्रधानाचार्या ने कहा कि छोटे बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं अतः अभिभावक एवं शिक्षक उन्हें बहुत ही सजकता के साथ ढालें। उनमें बचपन से ही अच्छे संस्कारों का संचार करें। इसके बाद उन्होंने इस कार्यक्रम में आए सभी अभिभावक और बच्चों का आभार व्यक्त किया ।

# युवा शक्ति मानवता की सबसे बड़ी ताकत, रक्तदान है सच्ची सेवा: मंत्री रणबीर गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 29 मार्च राहुल**
हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है।
रक्तदाता द्वारा दी गई कुछ बूंदें किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान बन सकती हैं।
वे रविवार को एसडी महिला कॉलेज में माया देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स भी मौजूद रहे।
कैबिनेट मंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और हर युवा को इसे अपने जीवन का उद्देश्य बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होती है और उनकी सकारात्मक ऊर्जा से ही एक स्वस्थ, सभ्य और प्रगतिशील समाज का निर्माण संभव है।
उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे रक्तदान के साथ-साथ नशामुक्ति अभियान, अंगदान, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता, पौधारोपण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जैसे जनसेवा कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लें। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को मंत्री रणबीर गंगवा ने बधाई देते हुए बैज लगाकर सम्मानित किया

# कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस सख्त, कल्लर माजरा गांव में नशा विरोधी टीम की ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** कैथल के नए पुलिस कप्तान द्वारा अपना चार्ज संभालते ही सक्रिय हो जाने के चलते गुहला डीएसपी कार्यालय के अधीन आने वाले थाना गुहला, चीका व सीवन थानों के थानेदार भी अपने अपने क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए चीका थाना प्रभारी संदीप व गुहला थाना प्रभारी स्नेह कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि आज कई जगह पर पुलिस द्वारा नाके लगाए गए और बिना नम्बर के कई वाहनों एवं पटाखे चलाने वाले बुलेट मोटरसाइकिलों को कंपाउंड किया गया। उन्होंने बताया कि एसपी कैथल मनप्रीत ङ्कसह सूदन के



आदेशानुसार पटाखे की आवाज निकालने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट मोटरसाइकिल चालकों पर पूरी तरह से शिकंजा कसा जा रहा है, जिसके चलते यदि कोई बुलेट मोटरसाइकिल सड़क पर बंद स्थिति में खड़ी हुई भी मिलेगी, तो उसकी भी जांच की जाएगी और यदि मॉडिफाइड साइलेंसर लगा मिला, तो उसे तुरंत कंपाउंड कर दिया जाएगा और यदि मॉडिफाइड साइलेंसर नहीं मिला, तो उसे कुछ नहीं कहा जाएगा और वह अपने मोटरसाइकिल को आराम से लेकर जा सकेगा। उन्होंने बताया कि उक्त सम्बन्ध में पुलिस द्वारा विशेष मुहिम चलाते हुए निरंतर पैनी नजर रखी जा रही है क्योंकि देखने में आया है कि बुलेट चालक अपने बुलेट बाइक का साइलेंसर चेंज करवाकर व पटाखे बजाकर तथा अन्य बाइक चालक प्रेशर हॉर्न लगवाकर दहशत फैलाने का काम करते है नतीजतन ऐसे बाइक चालकों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। थाना प्रभारी संदीप ने बताया कि बुलेट बाइक से पटाखे बजाना न केवल कानूनन प्रतिबंधित हैं बल्कि आमजन के स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए भी हानिकारक हैं क्योंकि इससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है और ध्वनि प्रदूषण से आम जनता को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है।
उन्होंने अपील की है कि वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों की पालना करें, वाहन पर किसी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न करें, प्रेशर हॉर्न, मॉडिफाइड साइलेंसर, ब्लैक फिल्म व ओवरस्पीडिंग जैसी गलतियों से बचें। कल्लर माजरा गांव में नशा विरोधी टीम की ली बैठकः
थाना प्रभारी संदीप ने बताया कि पुलिस कानून व्यवस्था व नशे को लेकर पूरी तरह से सख्त है। उन्होंने बताया कि गुहला चीका क्षेत्र पंजाब की सीमा के साथ सटा हुआ है, जिसके चलते ओर भी निगरानी रखने की जरूरत है। संदीप ने बताया कि इसी के चलते आज गांव कल्लरमाजरा में पहले से ही गठित नशा विरोधी टीम की बैठक ली गई, जिसमें टीम से नशा बेचने वालों को पकड़वाने के लिए सहयोग मांगा गया। संदीप ने बताया कि टीम का बताया गया कि वे नशा करने वाले तथा बेचने वाले लोगों की जानकारी खुलकर पुलिस को दें क्योंकि पुलिस व्यवस्था के अनुसार सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह से गोपनीय रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से ही नशा रुक सकता है।

# यूनीक पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम देख छात्रों में खुशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ( अशोक कुमार )।**
पुगथला स्थित यूनीक पब्लिक स्कूल का पहली कक्षा से आठवीं तक तथा नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। स्कूल के प्राचार्य सुनील कौशिक ने बताया कि छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का यह संयुक्त परिणाम है। स्कूल के प्रबंधक अनिल भुक्कर ने भी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बेहतर शिक्षा व्यवस्था और अनुशासन के कारण ही



लगातार उत्कृष्ट परिणाम सामने आ रहे हैं उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

# विधायक राजकरण खत्री ने जनता की मौजूदगी में किया कई कार्यों का शुभारंभ





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** नरेला विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजकरण खत्री ने होलंबी कला वार्ड स्थित मेट्रो विहार फेस-2 के लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान राजकरण खत्री ने बुद्ध बाजार रोड, मेट्रो विहार, होलम्बी में नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ और लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए सी ब्लॉक स्थित पार्कों की चारदीवारी का निर्माण कार्य का प्रारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य जल निकासी में सुधार और पार्कों का सौंदर्यीकरण करना है। उद्घाटन के दौरान मंडल पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनता के साथ ही मंडल अध्यक्ष आत्मा राम ठाकुर, महामंत्री सुभाष मेहतो, पूर्व निगम पार्षद डॉ. अर्चना सहित कई लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक राजकरण खत्री ने कहा कि आगामी बरसात में जलभराव की आशंका को देखते हुए व क्षेत्र में जलभराव की समस्या को कम करने के लिए नाले का निर्माण करवाया जा रहा है, जिससे इलाके को बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही राजकरण ने कहा कि पार्कों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य भी साथ में किया जा रहा है।
स्थानीय विधायक राजकरण खत्री ने जनता की उपस्थिति में इन विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह पहल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और सांसद योगेंद्र चंदोलिया के नेतृत्व में राजधानी में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए की जा रही है। नरेला क्षेत्र के विधायक ने कहा कि पूर्व की आप की सरकार के नरेला सहित पूरी दिल्ली में व्यवस्था ठप्प पड़ी हुई थी, लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद दिल्ली में विकास काफी तेजी से हो रहा है।

# अलीपुरः आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को वितरित की गई आकर्षक प्री-स्कूल एजुकेशन किट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने अलीपुर स्थित स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के पुराने भवन परिसर में सामुदायिक आधारित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेवाओं की भूमिका, पोषण जागरूकता और प्रारंभिक शिक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग में सचिव डॉ. रश्मि सिंह रहीं। इसके साथ ही जिलाधिकारी इंद्रप्रीत पाठक, सीडीपीओ हेमलता मलिक सहित अन्य अधिकारी और आंगनबाड़ी केंद्रों से कार्यकर्ता, सहायिका और लाभार्थी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के बारे में सचिव डॉ. रश्मि सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय, विशेषकर महिलाओं को जोड़कर बच्चों के पोषण और विकास को मजबूत करना है। वहीं, जिलाधिकारी इंद्रपीत पाठक ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों को भोजन देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समुदाय में जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण माध्यम भी हैं। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं के साथ मिलकर यह संदेश घर-घर तक पहुंचाती हैं कि संतुलित आहार और पोषण बेहतर स्वास्थ्य के लिए कितना आवश्यक है। कार्यक्रम में मोटे अनाज (मिलेट्स) और विभिन्न पोषक तत्वों के उपयोग पर विशेष प्रदर्शनी लगाई गई।
इसमें यह बताया गया कि एक ही खाद्य पदार्थ को अलग-अलग तरीकों से तैयार कर बच्चों और माताओं के लिए पौष्टिक बनाया जा सकता है।

# नरेला में आगामी हनुमान जयंती की तैयारी चरम पर, बजरंग सेना निकालेगी भव्य यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर 2 अप्रैल को नरेला में भव्य भगवा ध्वज यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा श्री राम कुटीर मंदिर से शुरू होकर बाकनेर दादा माई मंदिर तक निकाली जाएगी। इस ध्वज यात्रा का आयोजन बजरंग सेना संकीर्तन मंडल द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार यात्रा में लगभग 7100 भगवा ध्वज शामिल किए जाएंगे, जो इसे एक भव्य और ऐतिहासिक रूप देंगे। शोभायात्रा के दौरान आकर्षक झांकियों का विशेष प्रबंध किया गया है। इसके अलावा, विभिन्न राज्यों से कई प्रमुख संत-महात्मा भी इस धार्मिक आयोजन में भाग लेने के लिए नरेला पहुंचेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आयोजकों ने विशेष तैयारियां की हैं। लगभग 35 वालंटियर्स को जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं दिल्ली पुलिस को भी आयोजन की सूचना दे दी गई है, ताकि यात्रा के दौरान बेहतर ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इस शोभायात्रा में शामिल होने के लिए कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया, विधायक राजकरण खत्री, पार्षद दिनेश भारद्वाज, कमल खत्री और नेहा मिश्रा सहित नरेला विधानसभा के सभी क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया गया है।

# जहांगीर पुरी के वैध मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा की जाएगीः एम. एल. भास्कर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** जहांगीर पुरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन आई एवं जे ब्लॉक के अध्यक्ष एम. एल. भास्कर ने कहा कि जहांगीर पुरी क्षेत्र में किसी भी वैध मतदाता को उसके वोट देने के संवैधानिक अधिकार से वंचित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में गड़बड़ियों की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, जो बेहद चिंताजनक हैं।
इस संबंध में उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि विशेष संशोधन प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ लागू किया जाए, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न हटे। श्री भास्कर ने कहा कि क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और बीएलए-2 घर-घर जाकर सत्यापन कर रहे हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी योग्य मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही या साजिश के तहत वैध मतदाताओं के नाम हटाए गए, तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।
उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का वोट अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे किसी भी स्थिति में छीना नहीं जा सकता। कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# कालाबाजारी के खिलाफ सरकार कार्रवाई करेः पम्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेषकर अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के चलते देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है। गैस सिलेंडर, सब्जियों, दालों सहित आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उछाल और कालाबाजारी की बढ़ती शिकायतों को लेकर नेशनल अकाली दल ने सरकार के खिलाफ मोर्चा तेज कर दिया है। पार्टी ने इन मुद्दों पर 'युद्ध स्तर' पर कार्रवाई की मांग करते हुए इसे आम जनता के हक की निर्णायक लड़ाई बताया है।
नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी के गठन की घोषणा के अवसर पर कहा कि जिस प्रकार देश बाहरी चुनौतियों का सामना मजबूती से करता है, उसी तरह अब महंगाई और कालाबाजारी के खिलाफ भी सख्त और निर्णायक कदम उठाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा संघर्ष है। सरकार को चाहिए कि वह इसे 'जन-युद्ध' मानकर ठोस और प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही महंगाई और कालाबाजारी पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी। इस अवसर पर संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से कुलदीप सिंह मारवाह को नेशनल अकाली दल का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में दिल्ली में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। साथ ही नई प्रदेश कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई।
नई कार्यकारिणी में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट के रूप में वरिंदर सिंह अरोड़ा और सुरजीत सिंह नैयर, वाइस प्रेसिडेंट के तौर पर त्रिलोहन सिंह, मंदीप सिंह, कुलदीप सिंह सचदेवा, वरिंदर आर्य, प्रभजोत सिंह बेदी और राज कुमार मित्तल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# मेरा युवा भारत के तहत युवा संसद 2026 का होगा आयोजन, युवा रखेंगे अपनी बात



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** मेरा युवा भारत अभियान के तहत भारत युवा सांसद 2026 एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में सामने आ रहा है, जहां देश के युवा राष्ट्रीय निर्माण से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन आज किया जाएगा, जिसमें दिल्ली के विभिन्न जिलों से चयनित युवा भाग लेंगे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जोड़ना और उनमें नेतृत्व कौशल का विकास करना है, ताकि वे भारत 2047 के विजन को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को संसद में बोलने का अवसर दिया जाएगा, जिससे वे अपने विचार सीधे नीति-निर्माण से जुड़े मंच पर प्रस्तुत कर सकें। कार्यक्रम की खास बात यह है कि प्रतिभागी युवाओं को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संवाद करने का अवसर भी मिलेगा। यह अनुभव युवाओं को प्रेरित करने और उनकी भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।
जानकारी देते हुए राज्य निदेशक प्रभारी पूनम शर्मा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि दिल्ली के 13 जिलों से युवाओं का चयन किया गया है, जिन्हें संसद में अपनी बात रखने का मौका दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मंच युवाओं को देश के विकास में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगा। मेरा युवा भारत अभियान के तहत आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं को न केवल अपनी आवाज उठाने का अवसर देगा, बल्कि उन्हें भविष्य के नेतृत्व के लिए भी तैयार करेगा।

# बीजेपी सरकार दिल्ली में कानून व्यवस्था और नशे पर लगाम लगाने में पूरी तरह फेलः देवेंद्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि हर दिन हत्या, लूटमारी, किडनेपिंग, गैंगस्टर का बढ़ती घटनाओं, नशे के कारोबार और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के कारण दिल्ली में कानून व्यवस्था चिंताजनक है और यह हालात लम्बे समय लगभग12 वर्षों से बनी हुई। चाहे दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार हो या भाजपा की सरकार हो, पुलिस की कार्यशैली और सुस्त व्यवस्था के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद है और राजधानी में दिल्ली की जनता असुरक्षित महसूस कर रही है।
उन्होंने मांग की कि दिल्ली में बढ़ते अपराधों को देखते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तुरंत गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक कर दिल्ली के हालात को सुधारने के लिए कोई ठोस कदम उठाएं। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली की गद्दी संभालते ही केन्द्रीय गृहमंत्री से मुलाकात कर दिल्ली की कानून व्यवस्था को दुरस्त करने की बात कही थी, लेकिन अपराध कम होने की बजाय लगातार बढ़ रहे है, जिसको पुलिस आयुक्त भी स्वीकारते है जिसके कारण उन्होंने पुलिस कर्मियों की छुटटी तक रद्द करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 2026 में जनवरी, फरवरी और मार्च के 15 दिनों में दिल्ली से लगभग 800 लोग गायब हुए है, जिसमें से दो तिहाई महिलाएं और लड़किया है। बढ़ती गुमशुदा लोगों की संख्या पर उच्च न्यायालय ने भी चिंता व्यक्त की है, परंतु पुलिस इस संकट का हल निकालने में नाकाम हो रही है।
देवेन्द्र यादव ने कहा कि हालांकि भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा प्रस्तुत 2026-27 के दिल्ली बजट में सामाजिक कल्याण क्षेत्र के लिए कुल 10,537 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ सामाजिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें महिलाओं और बाल विकास के लिए 7,406 करोड़ रुपये का समर्पित वित्त पोषण शामिल है।

# आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में ग्रेजुएशन समारोह का हुआ आयोजन, छात्रों को किया सम्मानित





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** नरेला क्षेत्र स्थित आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में ग्रेजुएशन समारोह बड़े ही गरिमामय और भावनात्मक वातावरण में आयोजित किया गया। यह दिन विद्यार्थियों के जीवन का एक यादगार पड़ाव बन गया, जहाँ सपनों को उड़ान मिली, मेहनत को सम्मान मिला और भविष्य के नए द्वार खुले। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जब विद्यार्थियों ने अपनी ग्रेजुएशन कैप हवा में उछाली, तो पूरा परिसर तालियों की गूंज से भर उठा। यह पल न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी गर्व और भावनाओं से भरा हुआ था। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के टॉपर विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी मेहनत, लगन और समर्पण का प्रतीक था। नकद पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर जो खुशी और आत्मविश्वास झलक रहा था, उसने सभी के दिल को छू लिया।
विद्यालय प्रबंधन ने इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन नरेंद्र कृष्ण शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा, डायरेक्टर आकाश शर्मा, ऐश्वर्या शर्मा, मैनेजमेंट कमिटी की सदस्या शिल्पी शर्मा तथा प्रिंसिपल निधि नेहरा उपस्थिति रही।
कार्यक्रम के दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भावुक शब्दों में कहा कि यह केवल एक ग्रेजुएशन नहीं, बल्कि नई उपलब्धियों की ओर बढ़ने का पहला कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि "सपने वही सच होते हैं, जिनके लिए मेहनत की जाती है। अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें, मेहनत को अपना साथी बनाएं और कभी भी हार न मानें।" उनके प्रेरणादायक शब्दों ने विद्यार्थियों के मन में आत्मविश्वास और उत्साह भर दिया।
इसके पश्चात चेयरमैन नरेंद्र कृष्ण शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि "हर कक्षा जीवन की एक नई सीढ़ी होती है और आज आप सभी उस सीढ़ी को पार कर आगे बढ़ रहे हैं। मेहनत, अनुशासन और अच्छे संस्कार आपको जीवन में हर ऊंचाई तक पहुंचाएंगे।
उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करते रहने और अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों और अभिभावकों की आंखों में खुशी और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला।
विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों और विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर आत्मविश्वास के साथ कदम बढ़ाए।

# पीएम मोदी का पानीपत की धरती पर दिया गया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा साबित हो रहा खोखला: पर्ल चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (बिजेंद्र सिंह)।** हरियाणा महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष पर्ल चौधरी ने कहा कि पानीपत की ऐतिहासिक धरती से प्रधानमंत्री मोदी ने करीब 11 साल पहले बेटी बचाओ बेटी पढाओ राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया था लेकिन पीएम मोदी का यह नारा आज खोखला साबित हो रहा है। इस अभियान का उद्देश्य गिरते लिंगानुपात को सुधारना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था पर आज बेटियों व महिलाओं पर होने वाले अपराधों की संख्या निरंतर बढना चिंताजनक है। पर्ल चौधरी रविवार को सेक्टर 25 टांसपोर्ट नगर स्थित पानीपत जिला कमेटी ग्रामीण कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण




जिला अध्यक्ष रमेश मलिक ने की। पर्ल चौधरी का कांग्रेस कार्यालय में पहुंचने पर पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश मलिक और जिला की महिला कार्यकताओं ने बुके देकर स्वागत किया। वहीं पर्ल चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा के कई विधायकों व सांसदों पर दुष्कर्म व यौन उत्पीडन जैसे गंभीर आरोप हैं, लेकिन इसके बावजूद पार्टी उन आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण दे रही है। उन्होने कहा कि गोवा से लेकर उत्तराखंड, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में सामने आए मामलों से एक पैटर्न दिखता है, जिसमें सत्ता के दबाव में भाजपा नेताओं पर कार्रवाई नहीं होती। नाबालिगों से जुड़े मामलों में भी देरी और लापरवाही गंभीर चिंता का विषय है। पर्ल चौधरी ने कहा कि यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़ी फाइल्स में मोदी सरकार के एक मंत्री का नाम आया है, उन्होंने खुद माना कि वो एपस्टीन से मिले थे, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही। पर्ल चौधरी ने कहा कि आज जनता विशेषकर महिलाएं एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है और गैस एजेंसियों पर घंटों लाईनों में लगने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहे है। लेकिन फिर भी भाजपा सरकार दावा कर रही है एलपीजी सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। उन्होने कहा कि भाजपा ने चुनाव से पहले तो महिलाओं को 2100-2100 रुपए देने की घोषणा की दी और जब महिलाओं को पैसे देने की बात आई तो अनेकों शर्ते लगा दी गई। उन्होने कहा कि देश व प्रदेश की जनता आज समझ चुकी है कि सिर्फ नारों से बात नहीं बनेगी और जनता आज धरातल पर विकास चाहती है। इसके अलावा जब तक अपराधियों को राजनीति में संरक्षण मिलता रहेगा, तब तक जनता का भला नहीं हो सकता। उन्होने कहा कि कांग्रेस की सोच है कि महिलाएं पढ लिखकर आगे बढे और राजनीति में भी उनकी पूरी भागेदारी होनी चाहिये। पत्रकारों के सवाल पर पर्ल चौधरी ने कहा कि प्रदेश में महिला कांग्रेस का संगठन जल्द ही बनाया जाएगा। महिला संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा।

इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक, कांग्रेस नेता कंवर सिंह छौक्कर, दीपक खटकड, बलवान वाल्मीकि, संजय गर्ग, सतपाल वाल्मीकि, प्रियांश मलिक, विकास आहूजा, शशी लूथरा, सुरभि शर्मा एडवोकेट, सविता गर्ग व नीरजा बाहरी सहित बडी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# किसानों को फसल नुकसान पर मिलेगा आर्थिक सुरक्षा कवच

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा के उद्यान विभाग द्वारा किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए ह्लमुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजनाह्व संचालित की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बागवानी फसलों की खेती करने वाले किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी उनकी आय प्रभावित न हो।

इस योजना के तहत कुल 46 प्रकार की फसलों को शामिल किया गया है, जिनमें सब्जियां, फल और मसाले प्रमुख हैं।

योजना के अनुसार सब्जियों व मसालों के लिए 30 हजार रुपये प्रति एकड़ तथा फलों के लिए 40 हजार रुपये प्रति एकड़ तक बीमा कवर प्रदान किया जाता है। इसमें किसान को मात्र 2.5 प्रतिशत प्रीमियम देना होता है, जो कि सब्जियों व मसालों के लिए 750 रुपये प्रति एकड़ और फलों के लिए 1000 रुपये प्रति एकड़ निर्धारित किया गया है।

योजना में मुआवजा राशि फसल के नुकसान के प्रतिशत के आधार पर तय की गई है। यदि नुकसान 0 से 25 प्रतिशत तक होता है तो कोई मुआवजा नहीं मिलता, जबकि 26 से 51 प्रतिशत नुकसान होने पर 50 प्रतिशत मुआवजा दिया जाता है। इसी प्रकार 51 से 75 प्रतिशत नुकसान पर 75 प्रतिशत और 75 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर 100 प्रतिशत मुआवजा किसानों को दिया जाता है।

सब्जियों व मसालों के लिए अधिकतम 30 हजार रुपये और फलों के लिए 40 हजार रुपये तक मुआवजा निर्धारित है।

इस योजना के अंतर्गत मुआवजा राशि सीधे पंजीकृत किसानों के बैंक खाते में स्थानांतरित की जाती है, जो कि सर्वेक्षण के आधार पर तय होती है।

## न्यूज फ्लैश

### रबी सीजन 2026 : मंडी में फसल बेचने के लिए दिशा-निर्देश जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा रबी सीजन 2026 के दौरान किसानों की सुविधा एवं मंडियों में सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन दिशा.निदेशों का उद्देश्य फसल की खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारू और समयबद्ध बनाना है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि जारी निदेशों के अनुसार मंडी में फसल लेकर आने वाले सभी किसानों के वाहनों पर फ्रंट नंबर प्लेट का स्पष्ट होना अनिवार्य किया गया है। साथ ही गेट पास के लिए फोटो सत्यापन भी आवश्यक होगा, जिससे सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। मंडी में प्रवेश के लिए गेट पास जारी करने का समय सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि किसान निर्धारित समय के भीतर ही अपनी फसल मंडी में लेकर आएं, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। इसके अतिरिक्त किसानों के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना होगा, जिसमें परिवार पहचान पत्र या अन्य आवश्यक दस्तावेजों का उपयोग किया जा सकता है।

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, पंचकूला द्वारा जारी इन निदेशों के माध्यम से मंडियों में भीड़भाड़ को नियंत्रित करने, पारदर्शिता बढ़ाने और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने बताया कि रबी खरीद सीजन 2026-27 के दौरान मंडियों, खरीद केंद्रों में किसान द्वारा बिक्री हेतु ले जाने वाली गेहूं में प्रयोग किये जाने वाले वाहन पर आवक गेट की रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ फोटो कैप्चर किया जाएगा। वाहनों के बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के आवक गेट पास जारी नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडियों-खरीद केंद्रों को जियो फैंस किया गया है, जिसके अंतर्गत खरीद प्रक्रिया के सभी चरण जैसे कि आवक गेट पास, बोली, आई-फार्म, इत्यादि मंडी-खरीद केंद्र स्थल पर ही जारी होंगे।

उन्होंने बताया कि आढ़तियों को निर्देश दिए गए हैं कि ऑनलाइन ऑक्शन के बाद समय पर जे-फॉर्म और आई-फॉर्म जनरेट करें तथा सभी ढेरियों का वजन केवल इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से ही किया जाए। इसके अलावा मंडी से बाहर जाने वाली गाडि?ों की फिजिकल वेरिफिकेशन भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। किसानों को अपनी उपज की बिक्री में राज्य सरकार किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देगी। एसडीएम ने कहा कि किसानों की सहायता के लिए प्रदेश स्तर पर टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800 180 2060 जारी किए गए हैं, जिन पर किसानों को अनाज खरीद से संबंधित सभी सूचनाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा सभी मंडियों में एक शिकायत रजिस्टर भी सुनिश्चित किया जाएगा।

### श्री घंटाकर्ण वार्षिक स्थापना दिवस आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** श्री घंटाकर्ण महावीर देव तीर्थस्थान के वार्षिक स्थापना दिवस पर इंद्री रोड़ स्थित श्री आत्म मनोहर चैरिटेबल हस्पताल की दूसरी मंजिल का शिलान्यास और श्री आत्म मनोहर जैन निरामयम केंद्र का सेवा शुभारंभ आज सुबह 9.30 से आराधना जैन मंदिर के विशाल सभागार में किया जा रहा है, जिसमें प्रतिष्ठित संत विभूतियों के अतिरिक्त समाज सेवा, दानशीलता, परोपकार के साथ व्यापारिक जगत की सफल शख्सियतें उपस्थिति रहेंगी। श्री आत्म मनोहर जैन संस्थान समूह के जन संपर्क अधिकारी अजय गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, हरियाणा राज्यपाल प्रो. असीम घोष, अनेक मंत्री, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के वरिष्ठ पदाधिकारी भक्तिभावनापूर्वक देव दरबार में हाजिरी भरेंगे। भक्ति गीतों के द्वारा भक्ति रस में सभी भक्तों को आत्मस्नान कर प्रभु कृपा पाने का अवसर

# पिनगवां में रियाज हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** मेवात क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पिनगवां में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। चिलिंग सेंटर के सामने स्थित निजी हॉस्पिटल का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दुआ के साथ हुई, जिसमें हाथीन से कांग्रेस विधायक इसराइल खान, जिला परिषद चेयरमैन सहित सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोग मौजूद रहे। अस्पताल के संस्थापक डॉ. रियाज अहमद ने बताया कि इस अस्पताल में मरीजों को एक ही छत के नीचे आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। खासतौर पर हड्डी रोग (ऑर्थोपेडिक) के इलाज और ऑपरेशन की विशेष व्यवस्था की गई है। अत्याधुनिक सी-आर्म मशीन की मदद से जटिल ऑपरेशन भी यहां सफलतापूर्वक किए जा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि अस्पताल में जल्द ही आयुष्मान कार्ड की सुविधा भी शुरू की जाएगी, जिससे पात्र मरीजों को मुफ्त इलाज का लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा सामान्य बीमारियों के इलाज के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम भी यहां सेवाएं देगी।डॉ. रियाज अहमद ने कहा कि इस अस्पताल के शुरू होने से अब क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा।

# किसानों को कोई दिक्कत आई तो नहीं होगी बर्दाश्त: नवदीप नैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 29 मार्च।** इसराना एसडीएम नवदीप सिंह नैन ने रविवार को इसराना अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया और सरसो व गेहूं के सीजन के दौरान मंडी में किसानों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर मार्केट कमेटी के सचिव पवन कुमार व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें। एसडीएम नवदीप नैन ने सबसे पहले मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने धर्म कांटा के तोल को चैक किया और उसके बाद सारी अनाज मंडी का दौरा करके पीने का पानी, अटल किसान मजदूर कैंटीन, स्ट्रीट व टावर लाईटों आदि को चैक किया। इस दौरान



एसडीएम नवदीप नैन ने आढतियों से भी बातचीत की और आश्वासन दिया कि प्रशासन की तरफ से किसानों व आढतियों को कोई भी परेशानी नहीं आने देंगे। हालांकि कुछ किसानों ने कहा कि उनकी सरसो अभी वेरिफाई नहीं हुई है, जिस पर एसडीएम ने संबंधित राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिये कि सरसो व गेहूं की वेरिफिकेशन में किसानों को दिक्कत नहीं होनी चाहिये। उन्होने सख्त निर्देश दिये कि वेरिफाई को लेकर यदि किसानों को कोई दिक्कत आई तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मार्केट कमेटी के सचिव पवन ने एसडीएम नवदीप नैन को अटल कैटीन को लेकर बताया कि कैंटीन में खाना बनाने वाले सोमवार को आयेगे और मंगलवार से कैंटीन चालू हो जाएगी। बता दे कि इसराना मंडी में शनिवार को कुछ किसान सरसो लेकर आये थे पर सरसो वेरिफाई नहीं हुई थी और रविवार को छुट्टी होने पर अब सरसो की खरीद सोमवार को होगी।

# हरियाणा में बढ़ती रंगदारी और अपराध की घटनाओं से व्यापारियों में भय: सैलजा

**सिरसा (रणबीर खटक)**
हरियाणा में हाल ही में सामने आई रंगदारी और धमकी की घटनाओं को लेकर सिरसा की सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने गहरी चिंता व्यक्त की है। प्रदेश के विभिन्न जिलों, अंबाला, जुलाना तथा अन्य क्षेत्रों से लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें व्यापारियों को फोन कॉल, विदेशी नंबरों तथा अन्य माध्यमों से जान से मारने की धमकी देकर लाखों और करोड़ों रुपये की रंगदारी माँगी जा रही है। अंबाला शहर की सरस्वती



कॉलोनी में एक इमिग्रेशन कारोबारी को विदेशी नंबरों से कॉल कर जान से मारने की धमकी दी गई और उससे 50 लाख रुपये की मांग की गई। आरोपियों ने कारोबारी और उनके परिवार को डराने के लिए उनकी और उनकी पत्नी की तस्वीरें भेजकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है और साइबर सेल की मदद से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी प्रकार जुलाना क्षेत्र में जींद-रोहतक मार्ग स्थित एक भट्ठा संचालक से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फोन पर 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई। आरोपी ने व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से धमकी देते हुए जल्द से जल्द पैसे की व्यवस्था करने को कहा।

## छुट्टी के बाद भी गैस सिलेंडर के लिए लाइनों में लगे लोग

**जींद।** रविवार को छुट्टी होने के बाद भी एजेंसियों के बाहर गैस सिलेंडरों की लंबी लाइनें लगी रही। लोगों का कहना है कि जब गैस सिलेंडर पर्याप्त हैं तो वो उपलब्ध क्यों नही करवाए जा रहे हैं। उधर जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजेश कुमार आर्य का कहना है कि जिला जींद में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। लगभग 5976 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं क्यों बेवजह 200-200, 300-300 लोगों को सात से आठ घंटे लंबी लाइनों में खडे करवा कर परेशान किया जा रहा है।

# समाज की भलाई के लिए शिक्षा, अनुशासन और राजनीति बेहद जरूरी: दिग्विजय चौटाला




**सिरसा (रणबीर खटक)** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने सामाजिक संदेश देते हुए कहा है कि आज हमारे समाज की एकजुटता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़नी चाहिए और समाज की भलाई के लिए यूथ महाराजा सूरजमल के जीवन से प्रेरणा लें। रविवार को दिग्विजय उत्तर प्रदेश के मेरठ में अंतरराष्ट्रीय जाट संसद द्वारा आयोजित महाराज सूरजमल की विशाल प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

दिग्विजय चौटाला ने कहा कि हमारा पहला कर्तव्य बनता है कि हमें आने वाली पीढ़ी को शिक्षा की ओर अग्रसर करना है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने का हमें संकल्प लेकर काम करना होगा। दिग्विजय ने कहा कि हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, यूपी में हमारे समाज से जुड़े बहुत सारे अधिकारी हैं जो युवाओं और जरूरतमंदों की सहायता कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि समाज की भलाई उसी में होती है कि जिसमें समाज के लोग अपने लोगों की आवाज जरूर सुने।

**एकजुटता**

**हमें मिलकर समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़नी चाहिए**

दिग्विजय चौटाला ने कहा कि समाज में अनुशासन और राजनीति के दम पर ही समाज की चौधर दिल्ली में संभव हो सकती है।

उन्होंने कहा कि राजनीति में समाज को साथ लेकर दीनबंधु सर छोटूराम, चौधरी चरण सिंह, जननायक चौधरी देवीलाल मजबूती से आगे बढ़े इसलिए हम सबको भी मिलकर एक-दूसरे को आगे बढ़ाना चाहिए। सराहना करते हुए कहा कि देशभर में हमारे समाज के लोग रहते है, उन्हें हर जगह इस तरह का बड़ा मंच देने की आवश्यकता है।

# सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और दूसरों को भी जागरूक करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत।** गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान के साथ आगजनी की घटनाओं के खतरे से इंकार नहीं किया जा सकता। इसी को देखते हुए उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने नागरिकों से सतर्क करते हुए विशेष अपील जारी की है। उन्होने कहा है कि इस समय खेतों में गेहूं सहित अन्य फसलें पककर तैयार खड़ी हैं, जो हल्की सी चिंगारी से भी आग की चपेट में आ सकती हैं। ऐसे में चलती गाड़ियों से जलती हुई बीड़ी या सिगरेट फेंकना एक गंभीर लापरवाही साबित हो सकती है,




जो किसानों के लिए भारी नुकसान का कारण बन सकती है। उपायुक्त ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में सूखी फसल, तेज हवाएं और उच्च तापमान आग को तेजी से फैलाने में मदद करते हैं। कई बार देखा गया है कि सडक किनारे फेंकी गई जलती हुई सामग्री से आग लगती है, जो कुछ ही मिनटों में बड़े क्षेत्र में फैल जाती है और किसानों की पूरी फसल को जलाकर राख कर देती है। उन्होने बताया कि प्रशासन द्वारा लगातार फायर सेफ्टी को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन इसमें आम जनता का सहयोग बेहद जरूरी है।

**एडवायजरी**

**वाहन चालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे जलती वस्तु को सडक या खेतों की ओर न फेंकें**

विशेष रूप से वाहन चालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी प्रकार की जलती वस्तु को सडक या खेतों की ओर न फेंकें। उन्होने कहा कि यदि कहीं भी आग लगती हुई दिखाई दे तो तुरंत फायर ब्रिगेड या संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित करें।

# एफआईआर दर्ज न होने पर भी न्याय का रास्ता बंद नहीं : एडवोकेट अंकित गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने आम नागरिकों को जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति की शिकायत के बावजूद थाने में ऋकफ दर्ज नहीं की जाती, तो उसे निराश होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि कानून में इसके लिए स्पष्ट उपाय दिए गए हैं। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने बताया कि क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की धारा 154 के तहत तथा नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा



संहिता की धारा 173 के अनुसार, जब भी किसी संज्ञेय अपराध की सूचना पुलिस को दी जाती है, तो पुलिस का कर्तव्य होता है कि वह प्रथम सूचना रिपोर्ट (ऋकफ) दर्ज करे।

उन्होंने कहा कि यदि थाना स्तर पर ऋकफ दर्ज नहीं की जाती, तो शिकायतकर्ता लिखित रूप में उच्च पुलिस अधिकारी को शिकायत भेज सकता है। इसके अतिरिक्त न्यायालय के माध्यम से भी ऋकफ दर्ज करवाने का अधिकार उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की धारा 156(3) तथा नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 175 के अंतर्गत माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट को आवेदन देकर पुलिस को जांच करने के निर्देश दिलवाए जा सकते हैं। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने स्पष्ट किया कि कानून का उद्देश्य पीड़ित व्यक्ति को भटकाना नहीं, बल्कि उसे न्याय दिलाने का मार्ग प्रदान करना है।

# इंसान को इंसान बनने के लिए ब्रह्म ज्ञान जरूरी: संत निरंकारी मिशन द्वारा आध्यात्मिक उत्सव का किया गया भव्य आयोजन

**भिवानी, वंदना शर्मा**
**भिवानी, 29 मार्च।** यहां रामनगर स्थित पंजाबी कम्युनिटी सेंटर में संत निरंकारी मिशन द्वारा आध्यात्मिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली से पधारे महान संत श्री विवेक मौजी जी द्वारा की गई। इस अवसर पर चरखी दादरी एवं भिवानी जिलों से भारी संख्या में निरंकारी श्रद्धालुओं के साथ-साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। कम्युनिटी सेंटर का प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था।

इस अवसर पर विशेष रूप से




ब्रह्मकुमारी सिस्टर निर्मला जी, स्टेशन अधीक्षक श्री उदय राज सिंह, समाजसेवी देवराज मेहता , अशोक जैन एवं समाजसेवी श्री नंदकिशोर अग्रवाल ने उपस्थित होकर सतगुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया ।

उपस्थित मानव समाज को संबोधित करते हुए श्री विवेक मौजी जी ने फरमाया कि मानव के व्यावहारिक जीवन में सुधार एवं सुंदरता लाने के लिए ब्रह्म ज्ञान जरूरी है। वर्तमान में ब्रह्म ज्ञान से मानव मन को स्थिरता मिलती है, सहनशीलता आती है, करुणा के भाव जागते हैं, एक दूसरे के लिए सत्कार के भाव जागते हैं। घर में स्वर्ग सा वातावरण बनता है इसलिए हर इंसान के जीवन में ब्रह्म ज्ञान होना जरूरी है। इसी मकसद के लिए ही जीव को मानव तन मिला है। वर्तमान समय में सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज पूरे विश्व में एक-एक इंसान तक ब्रह्म ज्ञान पहुंचाने का सफल प्रयास कर रहे हैं।

निरंकारी राजमाता कुलवंत कौर जी के प्रवचनों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अपने घर को स्वर्ग बनाने के लिए छोटी-छोटी नकारात्मक बातों को अपने मन में स्थान ना दे। जैसे हम प्रतिदिन अपने घर का कचरा बाहर फेंकते हैं इसी तरह से अपने मन का मंथन करके मन के अंदर के विकारों को बाहर करना चाहिए। मन के विकार ही अंदर के प्रदूषण है और अंदर की सफाई करने से ही मन मंदिर बनता है। ब्रह्मकुमारी सिस्टर निर्मला जी ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि निरंकारी सतगुरु वर्तमान में इंसान को वास्तव में इंसान बना रहे हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 30 मार्च 2026 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## ‘मन की बात’ सकारात्मक सोच बनाने की पहल : राज्यपाल मंगुभाई पटेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देश में हो रहे सकारात्मक बदलावों से प्रेरणा प्राप्त करने की पहल है। राज्यपाल पटेल ने यह बात रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम मन की बात के सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एक दूरदर्शी नेता और अत्यंत संवेदनशील व्यक्तित्व हैं, जिन्हें ईश्वर ने समानुभूति और सहानुभूति की दिव्य भावनाएँ प्रदान की हैं। यह उनका नेतृत्व है, जिसने शारीरिक कमियों को देखने की समाज की सोच को दिव्यांग की उपमा से विशिष्ट क्षमताओं को पहचानने में परिवर्तित किया है। मन की बात कार्यक्रम नवाचार और चुनौतियों का आगे बढ़कर सामना करने की सकारात्मक सोच निर्माण की अभूतपूर्व पहल है। मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण रविवार को भोपाल के रवीन्द्र भवन में अंजनी सभागार भोपाल में आयोजित किया




गया था। राज्यपाल ने कार्यक्रम में आत्मनिर्भर 11 दिव्यांगों को सम्मानित किया। मन की बात -उमंग के साथ कार्यक्रम का आयोजन उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसायटी द्वारा विशेष बच्चों के लिए संचालित उमंग विशेष

**विशिष्ट क्षमता**

**मोदी एक दूरदर्शी नेता और अत्यंत संवेदनशील व्यक्तित्व हैं, जिन्हें ईश्वर ने समानुभूति और सहानुभूति की दिव्य भावनाएँ प्रदान की : पटेल**

विद्यालय की 20वीं वर्षगाँठ पर किया गया।
राज्यपाल पटेल ने कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतियाँ दिव्यांगों की इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की दिव्यता का प्रमाण हैं, जो यह दशार्ती हैं कि शारीरिक सीमाएँ हौसलों को रोक नहीं सकतीं। सामान्य जन, जो मामूली बातों में निराश हो जाते हैं, उनके लिए ये प्रस्तुतियाँ प्रेरणा का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि देश की प्रगति के लिए समाज में समान अवसर, सहयोग और परस्पर सम्मान की सामूहिक भावना आवश्यक है।
राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दिव्यांग भाई-बहनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएँ संचालित की हैं। सार्वजनिक भवनों, परिवहन और सूचना तंत्र तक दिव्यांगजनों की सुलभ और बाधा-मुक्त पहुँच सुनिश्चित करने के लिए सुगम्य भारत अभियान चलाया गया है।

## भारत में हवाई सेवाओं का विस्तार अकल्पनीय, अब हर तबके के लिए संभव हुई हवाई यात्राः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत में हवाई सेवाओं का विस्तार जितनी तेजी से हो रहा है वह अकल्पनीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता ने देश के विमानन क्षेत्र का कायाकल्प किया है। प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच और दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि आज समाज के हर तबके के लिए हवाई यात्रा संभव हुई है। अब हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई जहाज की यात्रा करने में समर्थ्य हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इन्दौर में लोकमाता अहिल्याबाई इन्टरनेशनल एयरपोर्ट में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन हमें लोककल्याण का मार्ग दिखाता है। लोकमाता के पद चिन्हों पर चलकर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम जनसेवा के नए



कदम बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा की शुरूआत भी की गई है, इससे गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को त्वरित उपचार के लिए हायर सेंटर पहुंचाया जा रहा हैं।
कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन्दौर एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 का लोकार्पण कर इन्दौरवासियों सहित पूरे मालवांचल को अत्याधुनिक टर्मिनल की सौगात दी। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है, जिससे हवाई यात्रा और भी अधिक सुगम एवं सुविधाजनक बनेगी। यह नया टर्मिनल इन्दौर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर और मजबूती के साथ प्रतिस्थापित करेगा। इंदौर शहर की बेहतरीन हवाई सुविधाओं को अमेरिका क्वॉलिटी कॉउंसिल ने क्वॉलिटी सर्टिफिकेट से सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉउसिल की ओर से दिया गया क्वालिटी सार्टिफिकेट ऑफ रजिस्ट्रेशन इन्दौर एयरपोर्ट के पदाधिकारियों को सौंपकर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर के नए टर्मिनल में यात्रियों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इंदौर में पुनर्संरचना परियोजना के तहत करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से हुए विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों से एवं पुरानी टर्मिनल इमारत के नवीनीकरण के बाद अब यह नया टर्मिनल प्रति घंटे लगभग 400 यात्रियों को संभालने में सक्षम हो गया है। 14 चेक-इन काउंटर्स बनाए गए हैं और लगभग 300 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था भी यहां की गई है। करीब 6 हजार

**दूरदर्शिता**

**दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि आज समाज के हर तबके के लिए हवाई यात्रा संभव हुई है : पीएम मोदी**

वर्गमीटर क्षेत्रफल में बने इस टर्मिनल की वार्षिक यात्री क्षमता 15 लाख (1.5 टटढअ) है। यहां पर 18 उड़ानों का संचालन, 150 चार पहिया वाहनों की पार्किंग एवं वीआईपी रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन्दौर में यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए हवाई सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस नए टर्मिनल में एक बहुत बड़ा वेटिंग एरिया विकसित किया गया है, जिससे पीक आवर्स में भी बेहतर तरीके से भीड़ प्रबंधन किया जा सकेगा। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां "उड़ान यात्री कैफे" की शुरूआत भी की जा रही है। इसमें यात्रियों को 10 रुपये में चाय और 20 रुपये में नाश्ता मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 8 एयरपोर्ट, 20 हवाई पट्टियां और 220 हेलीपैड्स मौजूद हैं।

## जयपुर में हाफ मैराथन का भव्य आगाज, मुख्यमंत्री ने किया फ्लैग ऑफ

**मूल आधार**

**मुख्यमंत्री ने कहा कि तन और मन से स्वस्थ रहना सुखी जीवन का मूल आधार है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर के अजमेर रोड स्थित महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी में आयोजित हाफ मैराथन का फ्लैग ऑफ कर शुभारंभ किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में युवाओं और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तन और मन से स्वस्थ रहना सुखी जीवन का मूल आधार है। भारत युवाओं का देश है और युवा तरुणाई को ऊर्जा से भरपूर बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब युवा आगे बढ़ेगा, तभी समाज और राष्ट्र भी प्रगति करेगा। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें और देश-प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पिछले सवा दो वर्षों में सरकारी और निजी नौकरियों के साथ-साथ स्वरोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराकर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का प्रयास किया गया है। यह हाफ मैराथन द टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं युवाओं पर केंद्रित हैं और युवाओं को चाहिए कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक इसका फायदा पहुंचाएं।
मैराथन को हरी झंडी दिखाने के बाद मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर टाइम्स ऑफ इंडिया के डायरेक्टर अनुराग अग्रवाल, महिन्द्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड के एमडी-सीईओ अमित कुमार सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सीएम योगी के निर्देश पर किसानों को मुआवजा मिलना शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मार्च के दूसरे पखवारे से मौसम में आये अचानक बदलाव से सबसे अधिक नुकसान फसलों का हुआ है। असमय बारिश, तेज हवाएं और ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसलों की हालात देख किसान दुःखी हैं। कुछ ऐसा ही हाल आलू उत्पादक किसानों का है। इतना ही नहीं मौसम में अभी एक अप्रैल तक और बदलाव होने का पूवार्नुमान है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को राहत देने के लिए विभागीय अधिकारियों को फसलों के नुकसान का आकलन कर मुआवजा वितरण के निर्देश दिए हैं। अब तक 10 हजार किसानों को 4.60 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जा चुका है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश में अचानक बदले मौसम में बारिश, अंधड़ और ओला

**मुआवजा**

**पखवारे से मौसम में आये अचानक बदलाव से सबसे अधिक नुकसान फसलों का हुआ है**

वृष्टि से हुए नुकसान का आकलन कर किसानों को राहत देने का काम शुरू कर दिया है। जिलाधिकारियों को असमय बारिश से किसानों की बर्बाद हुई फसल की जानकारी लेने के निर्देश देते हुए कहा गया है कि राजस्व, कृषि विभाग व बीमा कंपनी संयुक्त सर्वे कराकर फसल नुकसान की स्थिति से शासन को अवगत कराएं। फसलों की हुई क्षति का आकलन की रिपोर्ट तैयार होते ही मुआवजा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। किसानों का भुगतान समयबद्ध ढंग होगा।

## योगी से मिले विवि कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी, कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने योगी सरकार द्वारा महासंघ के अनुरोध पर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षणेतर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद प्रस्ताव सौंप कर आभार प्रकट किया और इस कल्याणकारी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का



नागरिक अभिनंदन करने का अनुरोध पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। इसके साथ महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने लंबित कर्मचारी समस्या पर ध्यान आकृष्ट किया। मुलाकात अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक महौल में संपन्न हुई। महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला के नेतृत्व में महामंत्री नंदकिशोर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अखिलेश चौधरी, समन्वयक राकेश यादव तथा कोषाध्यक्ष अभिषेक त्रिवेदी प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे। महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि महासंघ पदाधिकारियों ने कर्मचारी हितों से

**चर्चा**

**मुख्यमंत्री योगी स्वयं लाभार्थियों को कार्ड देकर इस योजना का शुभारंभ करेंगे**

जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट करते हुए विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। महासंघ पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए अवकाश नकदीकरण की सुविधा पुनः बहाल करने और विश्वविद्यालयों में 31 दिसंबर 2001 के बाद नियुक्त दैनिक वेतन, संविदा एवं तदर्थ कर्मचारियों को विनियमित किए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षणेतर कर्मचारियों व शिक्षकों को 01 अप्रैल 2026 से कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलना प्रारंभ हो जाएगा। इसका शुभारंभ समारोह पूर्वक किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं लाभार्थियों को कार्ड देकर इस योजना का शुभारंभ करेंगे। डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना एवं आश्वासन दिया कि संबंधित समस्याओं का शीघ्र एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्यों को पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। यह मुलाकात न केवल कर्मचारी हितों के लिए महत्वपूर्ण रही, बल्कि भविष्य में सकारात्मक परिणामों की आशा को भी सुदृढ़ करती है। डॉ. संजय शुक्ला ने कहा कि महासंघ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करता है एवं आशा करता है कि उनके कुशल नेतृत्व में सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

## बचेली मार्ग पर अनियंत्रित कार पलटी, आठ घायल, एक गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के भांसी थाना क्षेत्र अंतर्गत बचेली मार्ग पर रायपुर से किरंदुल जा रही एक आर्टिका कार अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क किनारे खेत में जा गिरी। हादसे में कार सवार 6 महीने की बच्ची सहित 8 लोग घायल हो गए हैं। जिनमें एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे रायपुर रेफर किया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।पुलिस से आज रविवार को मिली जानकारी के अनुसार हादसा बीती रात 11 बजे हुआ, कार में कुल 8 लोग सवार थे, जिनमें 3 महिलाएं, 2 पुरुष और 3 छोटे बच्चे शामिल हैं। सभी रायपुर के भाठागांव क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं, सभी पारिवारिक कार्यक्रम से किरंदुल जा रहे थे। हादसे के दौरान 6 महीने की मासूम बच्ची कार से बाहर जा गिरी और एक पेड़ में अटक गई, जिससे उसके सिर पर चोटें आई हैं। तेज आवाज सुनकर पास में ही स्थित क्रशर प्लांट के कर्मचारी और मजदूर तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकालने में मदद की।

## मन की बात एक प्रभावी जनसंवाद मंचः मुख्यमंत्री धामी

**विकसित**

**उत्तराखंड को ऑल–सीजन टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को इन्द्रानगर स्थित एक होटल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें एपिसोड को जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात



एक प्रभावी जनसंवाद मंच है, जिसके माध्यम से देशभर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को पहचान और सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों की प्रेरणादायक कहानियां इस कार्यक्रम के जरिए आमजन तक पहुंचती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से विभिन्न अवसरों पर उत्तराखंड का उल्लेख किए जाने से राज्य के पर्यटन को नया आयाम मिला है। उन्होंने बताया कि मन की बात के कई एपिसोड में राज्य की शीतकालीन यात्रा, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत का जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं भी राज्य के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थलों आदि कैलाश और उत्तरकाशी के हर्षिल-मुखवा क्षेत्र का भ्रमण कर चुके हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव पर्यटन पर देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री के अनुसार, वर्तमान वर्ष में राज्य में शीतकालीन पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिला है। अब तक डेढ़ लाख से अधिक पर्यटक उत्तराखंड पहुंचे हैं, जबकि आदि कैलाश क्षेत्र में 36,700 से अधिक श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंच चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को ऑल-सीजन टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

## पीडीए का लक्ष्य यूपी विधानसभा के आगामी चुनाव में भाजपा को हराना हैः अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को गौतमबुद्ध नगर जिले के दादरी में आयोजित समाजवादी समानता भाईचारा रैली में भाजपा को दरारवादी, विभेदकारी राजनीति करने वाला दल बताया। उन्होंने कहा कि पीडीए का लक्ष्य ऐसी ताकतों से सावधान व चौकन्ना होकर वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में उसको हराने का है, इसलिए एकजुट होकर हुंकार भरें।अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा ने उप चुनावों में वोट चोरी करके जीत हासिल की थी लेकिन वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में जब पूरे प्रदेश में एक साथ 403 सीटों पर



चुनाव होंगे तो यह सफल नहीं होंगे। भाजपा ने एसआईआर की आड़ में एनआरसी का काम किया, लेकिन पीडीए के पदाधिकारियों ने बड़ी सक्रियता से अपना वोट सुरक्षित रखा। इसलिए सपा के सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि पिछले नौ साल में भाजपा सरकार के फैसलों ने लोगों को काफी दुख दर्द दिया है। भाजपा सरकार ने लाखों करोड़ रुपये के एमओयू किये, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई नहीं उतरा, युवाओं को रोजगार नहीं मिला और न ही नौकरियां लेकिन समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर युवाओं को ट्रेनिंग देकर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे। पूर्व

**समानता**

**समाजवादी समानता भाईचारा रैली में भाजपा को दरारवादी, विभेदकारी राजनीति करने वाला दल बताया**

मुख्यमंत्री यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 28 मार्च को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन पर दिए गए भाषण पर तल्ख टिप्पणी की। नोएडा से लेकर दिल्ली तक मेट्रो का निर्माण समाजवादी पार्टी की सरकार में किया, जो लोग नोएडा आने को अंधविश्वास बता रहे हैं वे जान लें कि हमने सपा कार्यकर्ताओं के घर में इतनी बार चाय पी है, जितनी बार वे भाजपा पदाधिकारियों के यहां गये भी नहीं होंगे। आजकल एटीएम की चर्चा कुछ ज्यादा हो रही है। सब लोग जानते हैं कि ए और टी के साथ एम का फुलफार्म क्या होता है? सम्मेलन में किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि यहां नोएडा समेत कई जगह विकास परियोजनाओं के लिए किसानों की जमीनें ली जा रही हैं लेकिन उसके मुआवजा बहुत कम है और कई जगह तो सही तरीके से मुआवजा भी नहीं मिला है, हम आश्वस्त करते हैं कि भविष्य में सपा की सरकार बनने पर अगर जमीन ली जाएगी तो किसानों को बाजार के दाम पर मुआवजा दिया जाएगा।

## असम के तैराकों ने राज्यपाल रमेन डेका से की सौजन्य भेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 प्रतियोगिता में भाग लेने आए असम राज्य के तैराक खिलाड़ियों ने आज रविवार को लोक भवन में राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य मुलाकात की। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक जीतकर फर्स्ट रनर-अप का स्थान हासिल किया है। राज्यपाल डेका ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेलों में अनुशासन, समर्पण और टीम भावना से ही



ऐसी सफलता हासिल होती है। राज्यपाल ने खिलाड़ियों को भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर खिलाड़ियों के साथ असम स्विमिंग एसोसिएशन के संयुक्त सचिव दिव्य ज्योति शर्मा, तकनीकी अधिकारी जान मनी बोरा तथा कोच भी उपस्थित रहे।